

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*जिंदगी में दूसरों की गलतियों से सीखने में ही समझदारी है जिंदगी इतनी भी बड़ी नहीं कि सारी गलतियां खुद करके सीखा जाए...*

वर्ष : 16 अंक : 223 | उज्जैन, गुरूवार 22 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


# एआई आधारित नवाचारों से किसान और समाज के विभिन्न वर्ग होंगे सशक्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### एआई आधारित विकास को मिलेगी नई दिशा




**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग से किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाएगा।राज्य सरकार की मंशा है कि एआई को विभिन्न शासकीय डाटाबेस से जोड़कर सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस में हड्ढ्ढछ्ढ की ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स की उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड के साथ हुई बैठक में यह बात कही। मध्यप्रदेश में एआई और उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित पहलों के विस्तार, नवाचार को प्रोत्साहन देने और संभावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में अवगत कराया कि मध्यप्रदेश ने भूमि, श्रम और लॉजिस्टिक्स जैसे अपने मजबूत पक्षों का रणनीतिक और प्रभावी उपयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में तकनीक आधारित विकास को गति दी है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म और नवाचारों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया गया है, वहीं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को बेहतर जानकारी, सेवाएँ और निर्णय-सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।डिजिटल समाधान, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर शासन व्यवस्था और सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य नागरिकों तक योजनाओं और सेवाओं की समयबद्ध एवं लक्षित पहुँच सुनिश्चित करना है, जिससे तकनीक के माध्यम से समावेशी और सतत विकास को साकार किया जा सके।

कैलिस्टा रेडमंड ने कहा कि NVIDIA संप्रभु (सॉवरेन) एआई के विकास के लिए पाँच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही है, जिनका उद्देश्य एआई को देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना है। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से कुशल मानव संसाधन को उपयुक्त उद्योगों और अवसरों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में संचालित एआई पायलट प्रोजेक्ट्स का उल्लेख करते हुए कहा कि NVIDIA की मंशा है कि एआई समाधान भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हों तथा वे भारतीय मॉडल और डेटा से जुड़े हों, ताकि तकनीक अधिक प्रासंगिक, उपयोगी और प्रभावी सिद्ध हो सके।

बैठक में मध्यप्रदेश सरकार और NVIDIA ने इस सार्थक संवाद को आगे बढ़ाते हुए राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने, साझेदारी के अवसरों की पहचान करने और पारस्परिक लाभ के आधार पर दीर्घकालिक सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की, जिससे राज्य में नवाचार, कौशल विकास और तकनीक-आधारित विकास को नई दिशा मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाल विधानसभा में 2 फरवरी को पेश होगा अंतरिम बजट, चुनावी साल में ममता के पिटारे में क्या-क्या है?



**कोलकाता/ जीएनएस।** बंगाल की राजनीति में हलचल तेज हो गई है क्योंकि राज्य विधानसभा का आगामी बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने स्पष्ट किया है कि ममता बनर्जी सरकार आगामी दो फरवरी को सदन में अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। यह बजट सत्र संक्षिप्त होगा, जो पांच फरवरी तक चलेगा। 31 जनवरी को पहले दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी और फिर दो फरवरी को वित्तीय लेखा-जोखा सदन के पटल पर रखा जाएगा। कुछ माह बाद विधानसभा चुनाव होना है। उससे पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जनता को लुभाने के लिए कौन से बड़े सरप्राइज दे सकती हैं। हालांकि 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद अंतरिम बंजट पेश किया था,लेकिन इस बार माना जा रहा है कि वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभावर) चंद्रिमा भट्टाचार्य अंतरिम बजट पेश करेंगी। सूत्रों के अनुसार, बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की एक विशेष बैठक बुलाई है, जिसमें बजट प्रस्तावों को औपचारिक मंजूरी दी जाएगी। यह सत्र केवल आर्थिक चर्चा तक सीमित नहीं रहने वाला है। मतदाता सूची के संशोधन को लेकर शीतकालीन सत्र न होने के कारण तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच पहले से ही तनातनी बनी हुई है। तृणमूल ने इस मुद्दे पर चुनाव आयोग और भाजपा को घेरने की रणनीति बनाई है, जिससे सदन के भीतर तीखी नोकझोंक होने के पूरे आसार हैं।

### डीयू के 12 कॉलेजों में शिक्षकों का गंभीर संकट, दो-तिहाई पद खाली



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** दिल्ली सरकार से पूर्ण वित्त पोषित दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों में शिक्षकों का गंभीर संकट लगातार गहराता जा रहा है। इन कॉलेजों में स्वीकृत पदों की तुलना में आधे से भी कम स्थायी शिक्षक कार्यरत हैं, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है। डीयू के 12 वित्त पोषित कॉलेजों में स्वीकृत 1508 पदों के मुकाबले केवल 528 स्थायी शिक्षक हैं, जबकि 980 पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। सेवानिवृत्ति और एडहॉक शिक्षकों के अन्य कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में स्थायी रूप से चयनित होने के कारण वास्तविक रिक्तियों की संख्या एक हजार से अधिक हो चुकी है। इन कॉलेजों में डीडीयू कॉलेज, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, केशव महाविद्यालय और भगिनी निवेदिता कॉलेज जैसे संस्थान शामिल हैं, जहां शिक्षकों की कमी सबसे अधिक है। चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लागू होने और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्रों के चौथे वर्ष में प्रवेश के बाद शिक्षकों की अतिरिक्त आवश्यकता और बढ़ गई है। इसके बावजूद स्थायी नियुक्ति तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर ही की गई है, जिससे कॉलेजों को बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षकों के सहारे पढ़ाई चलानी पड़ रही है। कई कॉलेजों में अतिथि शिक्षकों की संख्या 25 से 30 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि नियमानुसार यह सीमा 10 प्रतिशत होनी चाहिए। ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। फोरम ऑफ अकादमिक्स फार सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के चेयरमैन प्रो. हंसराज सुमन ने बताया कि डीयू में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत लगभग तीन हजार अतिरिक्त छात्र सीटें बनती हैं, लेकिन अभी तक कॉलेजों को उसके अनुरूप शिक्षक पद आवंटित नहीं किए गए हैं। फोरम ने इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर मांग की है कि विश्वविद्यालय को शीघ्र 25 प्रतिशत अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस शिक्षक पद आवंटित किए जाएं। उन्होंने बताया कि 46 कॉलेजों ने ईडब्ल्यूएस के कारण बढ़ी छात्र संख्या के आधार पर अतिरिक्त शिक्षकों की मांग का ब्यौरा विश्वविद्यालय को सौंप दिया है। इनमें हंसराज कॉलेज, गार्गी कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज, देशबंधु कॉलेज और यूसीएमएस प्रमुख हैं। हालांकि, 35 कॉलेजों से अभी आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस के कारण रोस्टर में हुए बदलाव से एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को सबसे अधिक नुकसान हुआ है, क्योंकि बैकलाग और शार्टफाल पद अब तक नहीं भरे गए हैं। उन्होंने मांग की कि दिल्ली सरकार के इन 12 कॉलेजों में स्थायी सहायक प्रोफेसरों की भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए, क्योंकि यहां पिछले एक दशक से नियमित नियुक्तियां नहीं हुई हैं।

## गणतंत्र दिवस पर इतिहास रचेंगी सिमरन बाला, संभालेंगी 140 जवानों की कमान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** इस साल भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण देखने को मिलेगा। जम्मू-कश्मीर की रहने वाली 26 वर्षीय असिस्टेंट कमांडेंट सिमरन बाला नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर CRPF की एक पूरी पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी।

यह पहली बार होगा जब देश की सबसे बड़ी अर्धसैनिक बल में कोई महिला अधिकारी इस भूमिका में नजर आएंगी। सिमरन बाला CRPF के उस दस्ते की कमान संभालेंगी, जिसमें 140 से अधिक पुरुष जवान शामिल होंगे।

क्यों हुआ सिमरन बाला का चयन- CRPF के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि सिमरन का चयन उनके नेतृत्व कौशल, कर्तव्यनिष्ठा और दबाव में संतुलन बनाए रखने की क्षमता को देखते हुए किया गया है। उनके अनुसार, यह बल के लिए गर्व का विषय है। जम्मू-कश्मीर से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का सिमरन का सफर महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा बलों में बढ़ती भागीदारी का मजबूत उदाहरण है। सिमरन बाला की परेड में मौजूदगी सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा बलों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रतीक भी है। छ्त्रक्क पिछले कुछ वर्षों से लैंगिक समानता और महिला नेतृत्व को लगातार बढ़ावा दे रहा है। यह कदम आने वाली पीढ़ियों की महिलाओं को वर्दीधारी सेवाओं में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा और यह संदेश देगा कि नेतृत्व क्षमता लिंग पर निर्भर नहीं करता।

10 हजार विशेष मेहमान आमंत्रित- 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में महिला नेतृत्व के साथ-साथ देश के अलग-अलग क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, करीब 10 हजार विशेष मेहमानों को उनके जीवनसाथियों के साथ समारोह में आमंत्रित किया गया है।

इनमें नवाचार करने वाले लोग, शोधकर्ता, उद्यमी, स्टार्टअप फाउंडर और स्वयं सहायता समूहों के सदस्य शामिल हैं। इन्हें रोजगार सृजन और नवाचार में अहम भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। मंत्रालय का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वालों को सम्मान देना और राष्ट्रीय आयोजनों में आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना है।

2026 का गणतंत्र दिवस क्यों है खास- 2026 का गणतंत्र दिवस समारोह भारत की विविधता, एकता और प्रगति को दर्शाएगा। सिमरन बाला का नेतृत्व और देशभर से आए विशेष मेहमान इस आयोजन को और भी खास बनाएंगे। यह परेड न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन होगी, बल्कि समानता, समावेशिता और राष्ट्रीय गर्व का मजबूत संदेश भी देगी।

### जम्मू में किश्तवाड़ आतंकी हमले के विरोध में भड़का राष्ट्रीय बजरंग दल



**जम्मू/ जीएनएस।** किश्तवाड़ के छात्रू के सिंहपोरा क्षेत्र में जारी आपरेशन के दौरान आतंकियों की गोलीबारी में एक पैरा कमांडो बलिदान हो गए और सात अन्य जवान घायल हो गए थे।इस घटना के विरोध में बुधवार को राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से बस स्टैंड त्रिकुटा परिसर के पास पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का झंडा फूंका और जमकर पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष राकेश बजरंगी ने की। प्रदर्शनकारियों को को संबोधित करते हुए राकेश बजरंगी ने कहा इस अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में हवलदार गजेंद्र सिंह वीरगति को प्राप्त हुए जबकि आठ अन्य जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को लगभग 12,000 फीट की ऊंचाई पर आतंकवादियों द्वारा बनाया गया एक हाइड आउट मिला।

## लिव-इन में रह रही महिलाओं को मिले पत्नी का दर्जा, मद्रास हाईकोर्ट ने कही बड़ी बात



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही महिलाओं के हक में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इस फैसले के तहत अपने पार्टनर संग लिव-इन में रह रही महिलाओं को पत्नी का दर्जा देने की बात कही गई है।

कोर्ट ने कहा है कि ऐसा इसीलिए जरूरी है ताकि महिलाओं को कानूनी और सामाजिक सुरक्षा मिल सके। कोर्ट की यह टिप्पणी शादी का झूठा वादा कर यौन शोषण से जुड़े एक मामले में सामने आया है।

क्या था पूरा मामला- मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। आरोप यह था की शख्स महिला के साथ शादी का झूठा वादा कर लिव-इन में रह रहा था।

## भारत में तीन गुना बढ़ी प्रीमियम चॉकलेट की मांग



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत में चॉकलेट उद्योग एक नई दिशा में बढ़ रहा है, यहां प्रीमियम और लग्जरी सेगमेंट सामान्य चॉकलेट की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ रहा है।

यह बदलाव उपभोक्ताओं की पसंद और अच्छी क्वालिटी वाले प्रोडक्ट की लोकप्रियता की वजह से हो रहा है। 1,600 रुपये से अधिक कीमत वाली बॉक्स्ड असॉर्टमेंट चॉकलेट बार की बिक्री में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

प्रीमियम चॉकलेट की मांग भारत में तीन गुना बढ़ी- फॉर्च्यून इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में चॉकलेट बाजार का कुल आकार लगभग 20,000 करोड़ रुपये का है, जिसमें प्रीमियम और लग्जरी चॉकलेट की हिस्सेदारी करीब 1,000 करोड़ रुपये की है।

यह सेगमेंट 15-20त्न की दर से बढ़ रहा है, जबकि पूरा चॉकलेट मार्केट केवल 5-6त्न की बढ़ोतरी दर्ज कर रहा है। डार्क चॉकलेट अब सबसे तेज बढ़ने वाला सेगमेंट बन चुका है, जो सेहत के लिए फायदेमंद माने जाते हैं।

## कर्ज पर बाइक और स्मार्टफोन, हफ्ते में 95 घंटे तक काम; गिग वर्कर्स की जमीनी हकीकत



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** गिग वर्कर्स को लेकर एक नया सर्वे सामने आई है। सर्वे के मुताबिक गिग प्लेटफॉर्म से जुड़ने से पहले 95त्न वर्कर्स के पास स्मार्टफोन और 73त्न के पास बाइक मौजूद थी।

हालांकि, आधे से अधिक वर्कर्स ने इस बात को स्वीकार किया है कि इन्हें खरीदने के लिए उन्हेंने लोन लिया है। आईडीआर के सर्वे के अनुसार लोन लेने वालों में से लगभग एक-तिहाई ने कम से कम ने एक किस्त चूकने की बात मानी है।

इस सर्वे में सामने आया है कि अधिकांश गिग वर्कर्स 28 साल के युवा पुरुष हैं। यहां 1 प्रतिशत से भी कम महिलाएं हैं। इनमे से अधिकांश सख्या प्रवासी ग्रामीण युवा पुरुषों की हैं जो गांवों से काम की तलाश में शहर आते हैं।

सर्वे में बताया गया है कि यहां काम करने वाले लोग हफ्ते में 95 घंटे तक काम करते हैं। हालांकि, इसमें 75 फीसदी वर्कर्स पार्ट-टाइमर हैं, जो फ्लेस ड्राइवर सर्ज प्राइसिंग का बेहतर इस्तेमाल कर पाते हैं।

## पीएम मोदी ने UAE के राष्ट्रपति को भेंट किया गुजराती नक्काशीदार झूला, भारतीय हस्तशिल्प की अनूठा प्रतीक



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गहराते रणनीतिक संबंधों के बीच सोमवार को एक बेहद खास और भावनात्मक नजारा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए,श्व के राष्टपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का भव्य स्वागत किया। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने राष्टपति अल नाहयान को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हस्तशिल्प का प्रतीक एक खूबसूरत नक्काशीदार लकड़ी का झूला और कश्मीरी पश्मीना शॉल भेंट की।

गुजरात का शाही झूला- गुजरात की पारंपरिक कला को संजोए हुए यह झूला पूरी तरह से हाथ से बनाया गया है। इसमें फूलों और पारंपरिक गुजराती डिजाइनों को इतनी बारीकी से तराशा गया है कि यह भारतीय कारीगरों की श्रेष्ठ कलाकारी को दर्शाता है। गुजराती संस्कृति में झूला आपसी संवाद, घनिष्ठता और पीढ़ियों के बीच अटूट जुड़ाव का प्रतीक है। यह उपहार यूएई द्वारा 2026 को 'ईयर ऑफ फैमिली' घोषित किए जाने के संदर्भ में भी खास मायने रखता है।

चांदी के नक्काशीदार बॉक्स में पश्मीना शॉल- सांस्कृतिक आदान-प्रदान के इसी क्रम में, प्रधानमंत्री ने राष्टपति अल नाहयान को कश्मीर की मशहूर पश्मीना शॉल भी उपहार में दी। यह शॉल अपने बेजोड़ कोमलता, हल्केपन और गर्माहट के लिए विश्व प्रसिद्ध है, जिसे बेहतरीन ऊन से हाथ से बुना गया है। इस बहुमूल्य शॉल को तेलंगाना में निर्मित एक अलंकृत चांदी के डिब्बे में रखकर भेंट किया गया।




# संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड 60 नार्थ तोड़ा में आयोजित शिविर, महापौर ने नागरिकों से किया संवाद

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शहर के प्रत्येक वार्ड में संचालित संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आज झोन क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 60, नार्थ तोड़ा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने सहभागिता करते हुए नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री नरेन्द्र नाथ पांडे, झोनल अधिकारी श्री गीतेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप प्रदेशभर में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 106 सेवाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके लिए प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं लाभ प्राप्त करने की पूरी जानकारी दी जा रही है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक योजनाओं से वंचित न रहे। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर स्थल पर नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि सरकार स्वयं आपके द्वार तक आई है, अतः नागरिक अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लें।

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान से युवाओं, महिलाओं एवं वृद्धजनों को विशेष रूप से लाभ मिल रहा है और यह पहल शासन की जनहितैषी सोच को दर्शाती है। उन्होंने इस अभियान के लिए माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

शिविर के दौरान नागरिकों से संवाद में नार्थ तोड़ा स्थित शासकीय विद्यालय की जर्जर स्थिति का विषय सामने आया। इस पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने झोनल अधिकारी को विद्यालय के संधारण कार्य एवं आवश्यकता अनुसार नवीन शाला भवन के पुनर्निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों पर इंदौर पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में सुगम, सुरक्षित एवं सुखद यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा-निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 20 जनवरी की सुबह से 21 जनवरी की सुबह तक नो एंट्री क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले भारी वाहन चालकों के विरुद्ध इंदौर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 5 वाहनों पर चालान किया गया। इस कार्रवाई में कुल 25,000 रुपये का समन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित वाहन चालकों को भविष्य में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी गई। इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## बाल विवाह की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय दल गठित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में बाल विवाह की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये व्यापक इंतजाम किये जा रहे है। बाल विवाह करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर द्वारा बाल विवाह के रोकथाम एवं नियंत्रण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय दलों का गठन किया गया है। जिला स्तर पर गठित दो दलों में कुल 9 सदस्य शामिल किए गए हैं।

गठित दलों द्वारा बाल विवाह के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण तथा कार्रवाई की जाएगी। बाल विवाह कहीं भी न हो यह सुनिश्चित किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मधुमती सिरोले ने बताया कि जिले में बसंत पंचमी के अवसर पर विभिन्न समाजों द्वारा बड़ी संख्या में विवाहो का आयोजन किया जाता है।

इन आयोजनों में यदा-कदा बाल विवाह होने की आशंका रहती है। जिले में बाल विवाह के संबंध में सूचना देने के लिए कलेक्टोरेट इंदौर में महिला एवं बाल विकास विभाग के रूम नम्बर - 208 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

इस संबंध में सूचना कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0731-2360181 पर सूचना दी जा सकती है। कंट्रोल रूम पर संबंधित प्रभारी अपने दल के साथ मौजूद रहकर आवश्यकतानुसार बाल विवाह की शिकायतों पर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

जिला स्तरीय गठित दल में सामाजिक कार्यकर्ता श्री आशीष गोस्वामी, प्रधान आरक्षक श्री राजकुमार खंडेलवाल, ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्री निर्मल वर्मा, लाडो अभियान के कोर ग्रुप सदस्य श्री महेन्द्र पाठक तथा शौर्यादल की सदस्य श्रीमती संगीता सिंह, शामिल है। इसी प्रकार दूसरे जिला स्तरीय दल में बाल संरक्षण अधिकारी श्री भगवानदास साहू, आरक्षक श्री रोहित मुजाल्दे, लाडो अभियान के कोर ग्रुप सदस्य श्री देवेन्द्र पाठक और शौर्यादल सदस्य श्री शेलेष शर्मा को शामिल किया गया है।

## सिरफिरा आशिक थाना खजराना पुलिस की गिरफ्त में, मामा की बेटी को ही कर रहा था ब्लैकमेल






**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में महिला संबंधी गंभीर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देशों के तहत थाना खजराना पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले में सिरफिरे आशिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी लड़की के फोटोग्राफ जलाकर लव लेटर के साथ पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भेजता था और आत्महत्या की धमकी देकर युवती को मानसिक व भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल कर रहा था। उसका उद्देश्य किसी भी तरह युवती की शादी तुड़वाना और उसे बदनाम करना था।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मंडलोई के निर्देशन में महिला अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना खजराना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव द्वारा एक विशेष टीम गठित कर गोपनीय रूप से सूचना संकलन करते हुए कार्रवाई की गई।

घटना दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को फरियादिया ने थाना खजराना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी पुत्री के नाम से आत्महत्या की धमकी देते हुए फोटो जलाकर लव लेटर भेजे जा रहे हैं। आरोपी फरियादिया की पुत्री को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर ब्लैकमेल कर रहा था तथा उसकी शादी किसी भी तरह तुड़वाने की कोशिश कर रहा था। इस पर थाना खजराना में अपराध क्रमांक 56/26 धारा 79, 352 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, मुखबिरी तंत्र सक्रिय किया गया तथा तकनीकी व मानवीय सूचनाओं के आधार पर कड़ी मेहनत के बाद अज्ञात आरोपी की पहचान की गई। पुलिस ने आरोपी को राउंडअप कर विधिवत गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान साजिद पिता मोहम्मद सलीम अंसारी उम्र 23 वर्ष, निवासी मंसब नगर खजराना, इंदौर के रूप में हुई। आरोपी आठवीं तक पढ़ा-लिखा है और रेफ्रिजरेटर रिपेयर का कार्य करता है।

पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी युवती का चचेरा भाई है और अपने ही मामा की बेटी को बदनाम कर उससे जबरन संबंध बनाने के इरादे से ब्लैकमेल कर रहा था। थाना खजराना पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, उप निरीक्षक अनिल गौतम, मनीषा भिलाला, सहायक उप निरीक्षक राकेश परमार, प्रधान आरक्षक मोहनलाल पाटीदार एवं आरक्षक अंकुश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## इंदौर में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, वाहन सहित भारी मात्रा में देशी शराब जब्त



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी टीम ने गश्त के दौरान शंका के आधार पर एक जुपिटर दोपहिया वाहन को रोकने का प्रयास किया। आबकारी टीम को देख वाहन चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे थैलों से 3 गत्ते की पेटियाँ बरामद हुईं। जिसमें से देशी मदिरा प्लेन के 100 पाव (18 बल्क लीटर), देशी मदिरा मसाला के 50 पाव (09 बल्क लीटर) सहित कुल 27 बल्क लीटर अवैध शराब एवं जुपिटर वाहन को जप्त किया गया। जप्त मदिरा एवं दोपहिया वाहन की कुल अनुमानित कीमत एक लाख दो हजार 750 रुपये के करीब है। आबकारी विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विभाग द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री आर.सी. डावर के नेतृत्व में वृत्त-छावनी के उप निरीक्षक श्री सुनील कुमार मालवीय की टीम द्वारा की गई।

## रतलाम मंडल पर मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की द्वितीय बैठक आयोजित



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रतलाम मंडल पर पश्चिम रेलवे की मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की द्वितीय बैठक का आयोजन 21 जनवरी 2026 को किया गया। इस बैठक में समिति के कुल 19 माननीय सदस्यों में से 14 सदस्य, एक सदस्य के प्रतिनिधि तथा क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के तीन सदस्य शामिल हुए। बैठक के प्रारंभ में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों एवं अधिकारियों ने अपना-अपना परिचय दिया। समिति के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समिति के सदस्य रेलवे और रेल उपभोक्ताओं के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यात्रियों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान में सहायता मिलती है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने रतलाम मंडल में किए जा रहे अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों तथा यात्री सुविधाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक मंडल की उपलब्धियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

## आयुक्त ने आजाद नगर जीटीएस व मुसाखेड़ी पानी टंकी का किया निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त रुख

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रातः 7 बजे आजाद नगर स्थित जीटीएस (गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी श्री विवेक गंगराड़े सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने जीटीएस में आने वाले कचरे की व्यवस्था का अवलोकन किया और यह जानकारी ली कि किन-किन क्षेत्रों से कचरा यहां लाया जा रहा है तथा गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण कर उसे किस प्रकार आगे प्लांट तक भेजा जाता है। निरीक्षण के समय जीटीएस परिसर में बड़ी मात्रा में ग्रीन वेस्ट जमा पाया गया तथा साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं होने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।



लापरवाही पाए जाने पर आयुक्त श्री सिंघल ने जीटीएस प्रभारी महेश मारोठ को फटकार लगाते हुए आजाद नगर जीटीएस से हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही जीटीएस परिसर से ग्रीन वेस्ट को तत्काल हटाने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने एवं भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए सख्त निर्देश जारी किए गए। इसके पश्चात आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा मुसाखेड़ी क्षेत्र में स्थित पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में दूषित पानी एवं जल आपूर्ति न होने से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी ली गई। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों पर लगातार मॉनिटरिंग करने एवं त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं नियमित जलापूर्ति उपलब्ध कराई जा सके।

## क्राइम ब्रांच इंदौर की बड़ी कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देशानुसार क्राइम ब्रांच द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

क्राइम ब्रांच टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की पतारसी के दौरान शांति पथ चौक, इको पार्क के पास शिवालय मैन रोड क्षेत्र में एक व्यक्ति सड़क किनारे खड़ा संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबराने लगा, जिस पर टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे रोका गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोहम्मद अफजल, निवासी मल्हारगंज, इंदौर बताया। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 18.51 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1 लाख 90 हजार रुपये बताई जा रही है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह अवैध लाभ कमाने की नीयत से सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर बेचता था। क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 09/26 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 18.51 ग्राम एमडी के साथ एक दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 80 हजार रुपये है। इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि शहर को नशामुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

## धार में बसंत पंचमी उत्सव को लेकर प्रशासन सतर्क, शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम

### अनेक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी, आदेशों का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर संभाग के धार में बसंत पंचमी उत्सव को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिले में सुरक्षा की दृष्टि से चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रियंक मिश्र ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न स्थानों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी स्थिति पर त्वरित नियंत्रण किया जा सके। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है और पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में सहयोग करें। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रियंक मिश्र ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में शांति एवं कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

शांति भंग करने अथवा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई- साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि शांति भंग करने अथवा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। धार में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत अनेक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन प्रभावी रूप से करें।

नो-फ्लाई जोन घोषित- जिला प्रशासन ने भोजशाला क्षेत्र में बसंत पंचमी पर 300 मीटर परिधि में नो-फ्लाई जोन घोषित किया है। निर्धारित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की उड़ान गतिविधि जैसे ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून, अनमैन्ड एरियल व्हीकल अथवा अन्य किसी भी प्रकार की उड़ने वाली वस्तु का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

सड़कों व आदि स्थलों पर भवन निर्माण सामग्री, मलबा, टायर एवं लावारिस गुमटियां रखने पर भी प्रतिबंध - इसी तरह सार्वजनिक सड़कों व स्थलों पर भवन निर्माण सामग्री, मलबा, टायर एवं लावारिस गुमटियां रखने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

इस संबंध में जारी आदेशानुसार नगर पालिका क्षेत्र धार में निवासरत कोई भी व्यक्ति अपने भवन निर्माण सामग्री, मलबा, कण्डे, नये अथवा पुराने टायर एवं लावारिस गुमटियां किसी भी सार्वजनिक स्थान या सड़क के किनारे खुले में नहीं रख सकेंगे। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में नगर पालिका परिषद द्वारा उक्त सामग्री को जप्त किया जाएगा।

संयमित भाषा उपयोग संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश- इसी प्रकार बसंत पंचमी आयोजन को लेकर प्रिंटिंग प्रेसों के लिए संयमित भाषा उपयोग संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया गया है। इसके अनुसार धार नगर के सभी प्रिंटिंग प्रेस मालिक/प्रोप्रायटर यह सुनिश्चित करेंगे कि बसंत पंचमी आयोजन से संबंधित विज्ञापन, होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स, झण्डे एवं अन्य प्रचार-प्रसार सामग्री में संयमित एवं मर्यादित भाषा का ही उपयोग किया जाए। किसी भी धर्मावलंबी अथवा समुदाय के प्रति उत्तेजक, भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री का प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

साथ ही उक्त आयोजन से संबंधित कोई भी प्रचार-प्रसार सामग्री मुद्रित करने की स्थिति में प्रत्येक सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम, स्थान, संख्या तथा छपवाने वाले व्यक्ति का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा। सामग्री मुद्रण के पश्चात संबंधित व्यक्ति को सुपुर्द करने से पूर्व एक-एक प्रति अनुविभागीय दण्डाधिकारी धार को सौंपकर दिनांक सहित प्राप्ति रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार सामग्री छपवाने वाले व्यक्ति को भी जानकारी देकर प्राप्ति रसीद लेना आवश्यक होगा, तत्पश्चात ही प्रचार-प्रसार सामग्री का उपयोग किया जा सकेगा।

## इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में संचालित हो रही साइबर हेल्प डेस्क



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा थाना स्तर पर साइबर हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि साइबर अपराध से पीड़ित नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े और उन्हें सीधे अपने नजदीकी थाने पर ही उचित सहायता मिल सके।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में थाना स्तर पर साइबर अपराधों के लिए दक्ष पुलिसकर्मी तैयार करने हेतु एक विशेष प्रशिक्षण कार्ययोजना बनाई गई है। इसी के तहत नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक थाने से पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीक में पारंगत बनाने और साइबर अपराधों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## डायरिया से नहीं, गंभीर बीमारी से हुई है हेमन्त की मृत्यु, डायरिया से प्रभावित कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के डायरिया से प्रभावित कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। सभी मरीज डायरिया से स्वस्थ हो चुके हैं। अभी अस्पतालों मे वही मरीज भर्ती है जो पूर्व से अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित है। प्रशासन द्वारा इनका अन्य बीमारियों का इलाज कराया जा रहा है। आज एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर इंदौर में दूषित पानी से एक ओर मौत, आंकड़ा 25 पहुँचा असत्य एवं भ्रामक है। वास्तवित स्थिति यह है कि जिस व्यक्ति हेमन्त पिता गोविन्द की मृत्यु डायरिया से बतायी जा रही है, उसकी मृत्यु कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट से हुई है। यह व्यक्ति कैंसर से ग्रसित होकर अस्पताल में उपचाररत थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि उक्त व्यक्ति के मृत्यु के संबंध में वस्तु स्थिति यह है कि दिनांक 20 जनवरी 2026 को हेमन्त पिता गोविन्द, उम्र 51 साल, निवासी पुलिस चौकी वाली गली भागीरथपुरा इंदौर की मृत्यु अरविन्दो अस्पताल में रात्रि 09.41 बजे हुई। चिकित्सकों द्वारा इनकी मृत्यु का कारण कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट बताया है। मृतक कैंसर से भी ग्रसित होकर उक्त बीमारी हेतु उपचाररत थे। उक्त परिस्थिति में मृत्यु का वास्तविक कारण कैंसर रोग है।

वर्तमान में भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र के सक्रिय मरीज विभिन्न चिकित्सालयों में भर्ती होकर उपचाररत है, जहॉ प्रारंभ में यह डायरिया की शिकायत के साथ भर्ती किए गए थे, किन्तु वर्तमान में वे डायरिया से पूर्णः स्वस्थ हो चुके हैं। पूर्व से ग्रसित अन्य गंभीर चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उनका अब भी उपचार किया जा रहा है। शासन द्वारा मानवीय आधार इनका निःशुल्क उपचार जारी है। डॉ. हासानी ने बताया कि अपोलो हॉस्पिटल में 58 वर्षीय पुरुष का पैर में गंभीर संक्रमण एवं किडनी की बीमारी का इलाज जारी है। केयर सीएचएल चिकित्सालय में 23 वर्षीय महिला एम.टी.बी., बेसल मेनेजाईट्स विथ हाईड्रोसिफेलस से पीड़ित हैं। अरविन्दों में 63 साल के पुरुष कई चिकित्सकीय जटिलताओं जैसे कि एम.टी.बी., उच्च रक्तचाप, वायरल हैपेटाईटिस से पीड़ित हैं। 66 वर्षीय महिला लीवर में सूजन एवं संक्रमण से पीड़ित हैं। 70 वर्षीय पुरुष गंभीर चोटों के कारण तथा एस.डी.एच. से पीड़ित हैं। दो अन्य मरीज जो कि वार्ड में भर्ती हैं, डायरिया से पूर्ण स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की प्रक्रिया में हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल में 65 वर्षीय पुरुष मल्टी ऑर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम व इनसेफेलोपैथी से पीड़ित हैं। 65 वर्षीय महिला एवं 72 वर्षीय पुरुष सेंसरी मोटर पॉलीन्यूरोपैथी से पीड़ित है। 67 वर्षीय महिला हायपोक्सिक इस्कीमिक इनकिफेलोपैथी अथार्त मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई अस्वस्थता से पीड़ित हैं। भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में निवासियों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अब तक 6365 घरों तक पहुँच बनाकर 26 हजार 977 रहवासियों की जॉच की गई एवं ओ.आर.एस. जिंक का वितरण किया गया।

# पशुपतिनाथजी में पौने 20 लाख तो दूधाखेड़ी माताजी मंदिर से पौने 49 लाख का चढ़ावा प्राप्त

## विदेशी मुद्रा हेतु यूनियन बैंक में खाता खोला, विनिमय हेतु प्रक्रिया जारी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर शहर स्थित पशुपतिनाथजी मंदिर की दानपेटियों से प्राप्त राशि की गणना बुधवार को की गई, वहीं आरोग्य धाम दूधाखेड़ी माताजी मंदिर की भी दानपेटियां खोली गई। पशुपतिनाथजी मंदिर से कुल 19 लाख 72 हजार 50 रुपए की चढ़ौती प्राप्त हुई है। दूधाखेड़ी माताजी मंदिर से 48 लाख 87 हजार 150 रुपये प्राप्त हुए हैं। दोनों मंदिरों में विदेशी मुद्रा भी निकली है।

पशुपतिनाथजी मंदिर से अमेरिका की डॉलर करेंसी तो दूधाखेड़ी माताजी मंदिर से साउथ कोरियन की डॉलर करेंसी निकली है, जो सिक्का होकर 500 डॉलर है।

बता दें कि दान से प्राप्त विदेशी मुद्रा का विनिमय नहीं हो पाया है। इसके चलते यह एक परेशानी रही। पशुपतिनाथजी मंदिर समिति ने विदेशी मुद्रा हेतु यूनियन बैंक से ट्रायअप किया है। इस बैंक में खाता खुलवा दिया गया है। प्रक्रिया जारी है, शीघ्र ही विदेशी मुद्रा का अपने देश की करेंसी में बदलाव हो सकेगा। पशुपतिनाथजी मंदिर की में शेष गणना का कार्य आज किया जाएगा।

श्री दूधाखेड़ी माताजी मंदिर के दान पात्र की गणना का कार्य दो दिनों में सम्पन्न- भानपुरा तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध आरोग्य धाम श्री दूधाखेड़ी माताजी मंदिर के दान पात्र मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष एसडीएम गरोठ राहुल चौहान के आदेशनुसार मंदिर प्रबंध समिति सचिव प्रभारी तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा के निर्देशन में मंगलवार एवं बुधवार दो दिवस ग्राम पटवारी नितिन सिंह द्वारा खोले गए थे। मंदिर लेखापाल नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस मंगलवार की गणना में 32 लाख 78 हजार 800 रुपये तो दूसरे अंतिम दिवस बुधवार को 16 लाख 8 हजार 350 रुपये नोट तथा 1 लाख 50 हजार रुपये चिल्लर की गणना का कार्य किया गया। इस प्रकार दो दिवस मे गणना का अंतिम आंकड़ा 48 लाख 87 हजार 150 रुपये रहकर गणना का कार्य का समापन बुधवार को कर दिया गया। इस बार गणना कार्य में दान पात्र से एक साउथ कोरियन (अमेरिकन) 500 डॉलर भी प्राप्त हुआ, जिसे आधिकारिक आदेश पर सुरक्षित कर लिया गया है। गणना कार्य का निरीक्षण तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा ने किया। दो दिवस दान पात्र गणना का कार्य राजस्व विभाग भानपुरा व पटवारीगण, महिला, पुरुष, महिला बाल विकास आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता, भानपुरा तहसील के समीपस्थ ग्रामो के पुरुष,महिला कोटवार, बैंक कर्मचारियों, मंदिर व्यवस्थापक रामेश्वर शर्मा, मंदिर पुजारी घनश्याम नाथ योगी आत्मा राम योगी, ग्राम कोटवार परमानन्द शर्मा, मनोहर नाथ योगी, मंदिर कर्मचारी रमेश चंद्र द्विवेदी,जगदीश नाथ योगी, नारायण मेघवाल, गोविन्द योगी, पप्पु नाथ योगी, चुतुर्भुज प्रजापति, मंदिर सफाई कर्मचारियों द्वारा किया गया। गणना के उपरांत राशी को सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा गरोठ के सहायक प्रबंधक नितेश अग्रवाल को सुपर्द किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर गणना कार्य की रिकार्डिंग सी.सी.टीवी. कैमरे के माध्यम से की गई।

# 12 अप्रैल को आयोजित होगा 24वां मेव इज्तिमाई शादी सम्मेलन, 11 जोड़ों का हुआ पंजीयन



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मेव सोश्यल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सभी मुस्लिम बिरादरी के लिये लगातार 24वां मेव इज्तिमाई शादी सम्मेलन हेतु सम्मेलन कमेटी की एक जनरल मीटिंग सोनगरी दरगाह हजरत गेबशाह बाबा के आस्ताने पर कल्लू खां साहब की सदारत में आयोजित हुई। बैठक में मेव सोश्यल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष असगर खां मेव ने बताया कि बैठक में आगामी सम्मेलन के सदर तौफीक खां पूर्व सरपंच खिलचीपुरा, जैपुरा को शादी सम्मेलन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। 12 अप्रैल 2026, इतवार को मुकाम दरगाह गैब शाह वली सोनगरी जिला मंदसौर पर 24वां मेव इज्तिमाई शाही सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसके लिये दूल्हा-दूल्हन के पंजीयन शुरू हो गये है। अभी तक 11 जोड़ों के पंजीयन हो चुके है।

बैठक में जिसमें पिछले सम्मेलन का हिसाब-किताब रखा गया एवं आगामी सम्मेलन को सफल बनाने हेतु विस्तृत से चर्चा व मशवरा किया गया। बैठक में मेव सोश्यल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष असगर खां मेव एवं शादी सम्मेलन कमेटी के अध्यक्ष तौफीक खां पूर्व सरपंच ने बताया कि समिति का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक जोड़े इज्तिमाई शादी सम्मेलन का रजिस्ट्रेशन किया जाये। इसके लिये सम्मेलन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है एवं सभी मुस्लिम बिरादरी से सम्पर्क किया जा रहा है। मीटिंग में अजहर हयात, इस्माईल सेठ, इमरान उर्फ भुरू आईफा, साजिद खां रायल ढाबा, असलम सदर, सईद खां खेड़ेवाले, हाजी हाफीज खां, इमरान भाई मीनाक्षी, हाजी शब्बीर खां, हाजी साबिर भाई पानवाले, राजा खां उस्मान सेठ, हमीद खां, गुड्डू मास्टर, इरफान फीट एण्ड फीट, अमजद खां, अयुब भाई लकड़ीवाले, फिरोज खां, चांद खां, मुनव्वर खां, अशफाक खां पार्षद, सलीम खां, रईस खां, सलीम सर, हनीफ खां, युनुस खां, जाफर खां, इशाक खां, अफजल खां आदि उपस्थित थे। सभी ने तमाम अवाम से गुजारिश है कि शादी सम्मेलन हेतु रजिस्ट्रेशन हो रहे है। अपने बालिग लड़के-लड़कियों जिनमें लड़के की उम्र 21 साल व लड़की उम्र 18 साल है वह अपने बच्चे-बच्चियों का रजिस्ट्रेशन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सम्मेलन के आफीस मयुर मीनाक्षी ट्रेवल्स, फिरदोस मस्जिद के नीचे, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड़, मंदसौर पर करवा सकते है। उक्त जानकारी मेव वेलफेयर सोसायटी के सेकेट्री सईद खां खेड़ेवाले ने दी।

## अफजलपुर पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को पकड़ा, 19 माह से था फरार




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अफजलपुर थाना प्रभारी उनि शैलेन्द्र सिंह कनेश एवं गठित स्पेशल टीम द्वारा गांधीनगर गुजरात से 19 महीने से फरार 5 हजार रूपये का ईनामी आरोपी को पकड़ा है।

घटना अनुसार 05.07.2024 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट किया श्रवण मोगिया व मदन मोगिया द्वारा चाकु से हमला किया जिससे प्राणघातक चोट आई है। आरोपी श्रवण पिता रामचन्द्र मोगिया उम्र 19 साल निवासी अफजलपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। आरोपी श्रवण को न्यायालय द्वारा प्रकरण में 5 वर्ष का कारावास से दण्डित किया गया है। अन्य फरार आरोपी मदन पिता कन्हैयालाल मोगिया निवासी नई आबादी अफजलपुर की गिरफ्तारी हेतु भरसक प्रयास किया गया। घटना दिनांक से फरार आरोपी को टिम द्वारा गाँधीनगर गुजरात से धर दबोचा। इस सराहनीय कार्य में उनि शैलेन्द्र सिंह कनेश थाना प्रभारी अफजलपुर, सउनि अजय चोहान, प्रआर राकेश सोलंकी, आर भुपेन्द्र , आर घनश्याम पाटीदार, आर चालक मोहन खराडी व सायबर सेल मंदसौर प्रआर आशीष बैरागी, प्रआर मुजफ्फर , आर मनीष बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नकली पुलिस बनकर की थी ब्लेकमेलिंग, आरोपी को प्रोडक्शन वारंट के तहत किया गिरफ्तार

## नीमच जिले में भी एक युवक कर चुका है आरोपी से प्रताड़ित होकर आत्महत्या

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नकली पुलिस बनकर ब्लेकमेलिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट ने पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए है। आरोपी की प्रताड़ना से एक युवक नीमच जिले में भी आत्महत्या कर चुका है, इस मामले में आरोपी जेल में बंद था, जिसे नाहरगढ़ पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के तहत नीमच जेल से गिरफ्तार किया। जिले रिमाण्ड अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार को पुनः कोर्ट में पेश किया जाएगा।

इंस्टाग्राम से शुरू हुआ मामला, नकली पुलिसकर्मी बनकर युवक से 55 हजार की वसूली की थी

जानकारी के अनुसार नाहरगढ़ थाने में 14 दिसंबर को शिकायतकर्ता मदनलाल पिता रामेश्वर पाटीदार निवासी ग्राम रणायरा ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया था कि दिनांक 31 जुलाई 2024 को उन्हें इंस्टाग्राम पर ÷नंदनी÷ नाम की आईडी से संदेश आया था। सामान्य बातचीत के बाद उसी रात करीब 11.30 बजे एक व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचा और खुद को साइबर सेल का पुलिसकर्मी बताते हुए धमकाया। आरोपी ने पीड़ित को बताया कि इंस्टाग्राम पर बातचीत को लेकर उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज है और यदि मामला निपटाना है तो तुरंत 60 हजार रुपये देने होंगे। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी।

डर के साये में दी रकम

पीड़ित ने बताया कि वह गरीब है और पिता के ऑपरेशन के लिए रखे पैसों में से 45 हजार रुपये नकद आरोपी को दिए। इसके बाद आरोपी ने दोबारा फोन कर 10 हजार रुपये और मांगे, जो दिनांक 1 अगस्त 2024 को फोन-पे के माध्यम से आरोपी के खाते में डलवाए गए। इस प्रकार कुल 55 हजार रुपये की अवैध वसूली की गई।

दूसरे मामले से खुला राज- पीड़ित ने बताया कि डर के कारण उसने उस समय शिकायत नहीं की। बाद में दिसंबर 2025 में उसे जानकारी मिली कि इसी आरोपी ने मनासा थाना क्षेत्र के बर्डिया जागीर निवासी मोहित पाटीदार के साथ भी इसी तरह की ठगी और मानसिक प्रताड़ना की थी, जिससे उस युवक ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद मैंने साहस जुटाकर नाहरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने नाहरगढ़ पुलिस ने इस मामले में पंकज पिता बोथलाल धनगर, निवासी भाटखेड़ी, थाना मनासा, जिला नीमच को आरोपी बनाया था। जो बर्डिया जागीर निवासी युवक को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में नीमच जेल में बंद था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी गिरोह के साथ मिलकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

नाहरगढ़ टीआई वरुण तिवारी ने बताया कि आरोपी को नीमच जेल से गिरफ्तार कर लाया गया। पूछताछ कर उसके गिरोह, अन्य पीड़ितों और वसूली गई राशि के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। टीआई तिवारी ने आमजन से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति पुलिस बनकर धमकाए तो तुरंत स्थानीय थाने को सूचना दें और इस तरह की ठगी से सतर्क रहें।

## जिला चिकित्सालय में सभी ऑक्सीजन प्लांट चालू स्थिति में है- डॉ.पाटील

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिविल सर्जन नीमच डॉ.महेन्द्र पाटील ने नीमच से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र में बुधवार को करोडों के ऑक्सीजन प्लांट बेकार, निजी कम्पनी से खरीदे जा रहे गैस सिलेंडर शीर्षक से प्रकाशित समाचार का खण्डन करते हुए इस समाचार को असत्य, निराधार एवं भ्रामक बताया है।

सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील ने उक्त समाचार का खण्डन करते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय नीमच में स्थापित सभी पी.एस.ए. एवं एल.एम.ओ. आक्सीजन प्लांट चालू स्थिति में है। इन ऑक्सीजन प्लांटो से ट्रामा सेन्टर के विभिन्न वार्डो में आक्सीजन सप्लाई की जा रही है। उन्होने बताया, कि जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड के साथ संचालित नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई एवं बाल गहन चिकित्सा ईकाई तक एल.एम.ओ. प्लांट से आक्सीजन की लाईन नही जुडी होने के कारण आक्सीजन सप्लाई ऑक्सीजन मेनीफोल्ड के तहत सिलेन्डर के माध्यम से रिफिल की जा रही है। इस सुविधा को उपलब्ध कराने हेतु राज्य स्तर से पत्राचार किया जा चुका है। इस प्रकार उक्त समाचार भ्रामक होकर असत्य है।

## चोरों के हौसले बुलंद, मंदिर को भी नही छोड़ा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जीवागंज स्थित श्री जगदीश मन्दिर में चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने भगवान के मंदिर को भी छोड़ा है। अलसुबह चार बजे पुजारी लघुशंका के लिए उठे, तब देखा की मन्दिर गर्भगृह का दरवाजा खुला है। भगवान की मूर्ति पर प्रतिदिन जो आभूषण पहनाते हैं, वे गायब हैं और शेष आभूषणों को एक बाक्स में रखा जाता है, वह भी नहीं थे।

## भाजपा को मिला नया नेतृत्व, मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व विधायक सखलेचा ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को दी बधाई



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को नई दिशा मिलने की उम्मीदों के बीच मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री व जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। यह शिष्टाचार भेंट नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संपन्न हुई, जहाँ विधायक श्री सखलेचा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सखलेचा ने कहा कि श्री नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं से मजबूत जुड़ाव पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा राष्ट निर्माण के संकल्प को नई मजबूती मिलेगी।

विधायक श्री सखलेचा ने अपने संदेश में यह भी कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जिसने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को अपने मूल मंत्र के रूप में अपनाया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पार्टी देशभर में संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेगी।

पूर्व मंत्री सखलेचा ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन को चुने जाने पर बड़ा हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि नितिन नबीन जी के नेर्तव्य में संघठन ओर अधिक सशक्त होकर सेवा सुशासन और राष्ट निर्माण के संकल्प को नई गति देगा ।

# दिनदहाड़े रिवाल्वर की नोक पर लूट, इलाज के बहाने आए बदमाश सोने-चांदी व नगदी ले उड़े



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के अंतर्गत जीरन थाना क्षेत्र के चीताखेड़ा गांव के मांगरिया मोहल्ले में बुधवार को दिनदहाड़े करीब साढ़े ग्यारह बजे अज्ञात बदमाशों ने रिवाल्वर की नोक पर लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया।मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो युवक और एक अधेड़ महिला रोगी बनकर इलाज करवाने के बहाने घर में घुसे और अकेली महिला को डरा-धमकाकर सोने-चांदी के आभूषण व नगदी लेकर फरार हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार बदमाशों ने खुद को हरनावदा गांव का निवासी बताया और इलाज के नाम पर शिवलाल मांगरिया के जमाई व ग्रामीण क्षेत्रों में पैसे से इलाज करने वाले डॉ. कन्हैयालाल परमार के घर पहुंचे।

उस समय घर पर केवल उनकी पत्नी श्रीमती चंदा बाई मौजूद थीं। बदमाशों ने पानी मांगा, जैसे ही चंदा बाई पानी लेने अंदर गईं, तीनों पीछे-पीछे घर में घुस आए और दरवाजा बंद कर रिवाल्वर कनपटी पर तान दी। जान से मारने की धमकी देते हुए उन्होंने करीब एक किलो चांदी के आभूषण, दो पायजेब जोड़ी, एक कंदोरा, दो तोला सोने के आभूषण (टीका, मंगलसूत्र, अंगूठी ,कान के झुमके) और चार हजार रुपए नगद लूट लिए।बदमाश जाते-जाते धमकी देकर गए कि यदि पुलिस में रिपोर्ट की तो परिवार को जान से मार देंगे।

पीड़िता घटना के बाद भी सहमी हुई नजर आई। उन्होंने बताया कि उनके पति इलाज के लिए बाहर थे और परिवार के अन्य सदस्य शोक कार्यक्रम में गए हुए थे।गौरतलब है कि इससे पहले भी 23 अक्टूबर को गांव में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हुआ। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## नीमच में देहदानी स्वर्गीय कमला देवी जी को गार्ड ऑफ ऑनर



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच नगर में समाजसेवा और मानवता का एक प्रेरणादायी उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब स्वर्गीय श्रीमती कमला देवी जी पत्नी श्री परसमल नागौरी जी का देहदान उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप वीरेन्द्र कुमार सकलेचा शासकीय मेडिकल कॉलेज, नीमच में सम्पन्न हुआ।

यह देहदान लॉन्स क्लब नीमच के माध्यम से संपन्न कराया गया, यह सब सुनील शर्मा जी एंड लायंस क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।जिसमें मालवीया जी ने श्रद्धांजलि ' देके महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर स्वर्गीय कमला देवी जी के पुत्र श्री विजय जी नागौरी ने बताया कि देहदान उनकी माता जी की अंतिम इच्छा थी, जिसे परिवारजनों ने पूर्ण सम्मान और गरिमा के साथ पूरा किया।

श्री विजय जी ने कहा कि उनकी माता का मानना था कि देहदान से चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा यह कार्य समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करेगा। उनका यह निर्णय अन्य लोगों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

इस अवसर पर राज्य शासन की ओर से दिवंगत आत्मा को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया, जो उनके इस महान सामाजिक योगदान के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक रहा तथा मेडिकल कॉलेज नीमच के डीन डॉ. आदित्य स बेरड़ ,एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. फातिमा भोपालबाला अली और डॉ. इति मंत्री अस्सिटेट प्रोफेसर की ओर से उनके परिवार को आभार पत्र प्रदान किया गया तथा उनके परिजनों को धन्यवाद देते हुए कहा गया कि उन्होंने समाज के लिए एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# मनसापूर्ण बालाजी मंदिर के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक, समाजसेवी अशोक अरोरा ने दी 51 हजार की सहयोग राशि



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जावद स्थित कन्याशाला परिसर में विराजित क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र मनसापूर्ण बालाजी मंदिर के सर्वांगीण विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मंदिर समिति के सदस्यों, धर्माचार्यों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता करते हुए मंदिर के वर्तमान स्वरूप, भविष्य की योजनाओं तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में प्रमुख रूप से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, दर्शनार्थियों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, छाया, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आगामी समय में मंदिर में प्रस्तावित धार्मिक आयोजनों, विशेष पर्वों एवं अनुष्ठानों को भव्य रूप से आयोजित करने की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर मनसापूर्ण बालाजी मंदिर के भक्त एवं समाजसेवी अशोक अरोरा (गंगानगर) ने मंदिर के विकास कार्यों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मंदिर समिति द्वारा उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि ऐसे सहयोग से मंदिर के विकास कार्यों को गति मिलेगी और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि समाजसेवी अशोक अरोरा पूर्व में भी क्षेत्र के अनेक धार्मिक स्थलों, मंदिरों एवं सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग करते रहे हैं। धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित होकर वे समय-समय पर विकास कार्यों में योगदान देते रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

बैठक के दौरान आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई, जिसमें विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन को लेकर विचार साझा किए गए। इस अवसर पर भागवताचार्य पं. अशोक भारद्वाज ने धार्मिक आयोजनों के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और धर्म के प्रति लोगों की आस्था सुदृढ़ होती है।

बैठक में मनीष जोशी (अध्यक्ष, अभिभाषक संघ नीमच), समाजसेवी कमल किशोर शर्मा एवं अभिषेक भारद्वाज (अधिमान्य पत्रकार, मध्यप्रदेश शासन) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने मंदिर के विकास को लेकर अपने सुझाव रखे एवं इसे एक आदर्श धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

अंत में मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि समाज के सहयोग से ही धार्मिक स्थलों का विकास संभव है।

# मनरेगा पर हमला बर्दाश्त नहीं, गांव-गांव उठेगी मजदूरों की आवाज - मीनाक्षी नटराजन

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने के विरोध में आज ग्राम बासखेड़ा में 'मनरेगा बचाओ चौपाल' एवं 'पंचायत कांग्रेस कमेटी' के गठन का विशाल कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुश्री मीनाक्षी नटराजन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस ने ग्रामीण मजदूरों के हक की लड़ाई को गांव-गांव तक ले जाने का शंखनाद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कांग्रेस ने इसे कानून बनाकर मजदूरों को अधिकार के रूप में दिया था, लेकिन आज भाजपा सरकार बजट में कटौती कर इसे खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरों का पसीना और उनका हक कांग्रेस की प्राथमिकता है और अब पंचायत स्तर पर गठित कमेटियां हर मजदूर की आवाज बनकर किसी भी स्तर पर होने वाली धांधली को रोकेंगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर मनरेगा को तकनीकी पेच और बजट की कमी के बहाने दमघोंटू स्थिति में ले जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को समय पर भुगतान न मिलना और काम के बदले मशीनों का उपयोग करना ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रहार है।

# सम्पादकीय

## अमेरिकी नीतियां, चीन, लैटिन अमेरिका तथा नाटो देश को एक होने का मौका दे रहीं

समकालीन वैश्विक राजनीति के परिदृश्य में यह प्रश्न बार-बार उभरकर सामने आता है कि क्या लैटिन अमेरिका, चीन और नाटो एक साझा मंच पर आकर अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप जैसी आक्रामक राष्ट्रवादी सोच का विरोध कर सकते हैं। यह प्रश्न जितना सरल दिखता है उतना ही जटिल है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति भावनाओं से नहीं बल्कि हितों, संतुलन और शक्ति-संरचनाओं से संचालित होती है। ट्रंप का राजनीतिक व्यक्तित्व और उनकी ÷अमेरिका फर्स्ट÷ नीति विश्व व्यवस्था में एक प्रकार का व्यवधान रही है जिसने मित्रों को असहज और विरोधियों को मुखर किया, चीन के संदर्भ में देखें तो वह लंबे समय से अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देता आया है और ट्रंप के कार्यकाल में व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिबंध, ताइवान और दक्षिण चीन सागर जैसे मुद्दों ने इस टकराव को और गहरा किया, चीन का विरोध वैचारिक कम और रणनीतिक अधिक है क्योंकि वह किसी एक व्यक्ति या सरकार से नहीं बल्कि अमेरिकी प्रभुत्व की संरचना से टकरा रहा है, दूसरी ओर नाटो की स्थिति बिल्कुल भिन्न है क्योंकि नाटो स्वयं अमेरिका के सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक नेतृत्व पर टिका हुआ संगठन है, ट्रंप ने नाटो देशों को कई बार कठघरे में खड़ा किया, रक्षा खर्च बढ़ाने की मांग की और यहां तक कहा कि अमेरिका मुफ्त में यूरोप की सुरक्षा नहीं करेगा, इससे यूरोपीय देशों में असंतोष अवश्य बढ़ा लेकिन यह असंतोष विद्रोह में नहीं बदल सका क्योंकि नाटो की आत्मा ही अमेरिका की सैन्य शक्ति है और रूस जैसे कारकों के रहते नाटो अमेरिका से अलग खड़ा होने का जोखिम नहीं उठा सकता, अब यदि लैटिन अमेरिका की ओर देखें तो वहां अमेरिका के प्रति दृष्टिकोण ऐतिहासिक रूप से संशयपूर्ण रहा है, शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक अमेरिकी हस्तक्षेप, तख्तापलट और आर्थिक दबावों की स्मृति अभी भी जीवित है, क्यूबा, वेनेजुएला और निकारागुआ जैसे देश खुलकर अमेरिका विरोधी रुख अपनाते हैं जबकि ब्राज़ील, मैक्सिको और अर्जेंटीना जैसे देश यथार्थवादी संतुलन की नीति पर चलते हैं, चीन ने इस क्षेत्र में निवेश, ऋण और अवसंरचना के माध्यम से अपनी पैठ बढ़ाई है जिससे अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि पूरा लैटिन अमेरिका एक स्वर में अमेरिका या ट्रंप के खिलाफ खड़ा हो जाएगा, इसी व्यापक परिदृश्य में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत न तो चीन की तरह खुला टकराव चाहता है और न ही नाटो की तरह किसी एक शक्ति पर निर्भर रहना, भारत की विदेश नीति रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित है जहां वह अमेरिका के साथ भी साझेदारी करता है, रूस के साथ भी ऐतिहासिक संबंध निभाता है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित रिश्ते बनाए रखता है, ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंधों में रक्षा, तकनीक और रणनीतिक सहयोग बढ़ा लेकिन व्यापार और वीज़ा जैसे मुद्दों पर मतभेद भी सामने आए, भारत ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी वैश्विक गुटबंदी का हिस्सा बनकर किसी तीसरे देश के खिलाफ खड़ा नहीं होगा, रूस की स्थिति इससे अलग लेकिन उतनी ही निर्णायक है, रूस स्वयं अमेरिका और नाटो के विस्तार को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है और यूक्रेन युद्ध के बाद उसका पश्चिम से टकराव खुलकर सामने आ चुका है, ट्रंप के प्रति रूस का रुख विरोधाभासी रहा है, एक ओर ट्रंप की नाटो विरोधी बयानबाजी रूस को अनुकूल लगती रही, दूसरी ओर अमेरिकी संस्थागत नीति रूस के प्रति कठोर बनी रही, रूस चीन के साथ सामरिक समीकरण तो बनाता है लेकिन वह भी चीन का जूनियर पार्टनर बनना नहीं चाहता, इसलिए वह बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात करता है जहां अमेरिका का एकाधिकार टूटे लेकिन कोई नया वर्चस्व न बने, पश्चिम एशिया के देशों की प्रतिक्रिया और भी व्यावहारिक है क्योंकि यह क्षेत्र ऊर्जा, सुरक्षा और भू-राजनीति का केंद्र है, सऊदी अरब, यूएई और खाड़ी देश अमेरिका के लंबे समय से रणनीतिक साझेदार रहे हैं लेकिन ट्रंप की अनिश्चित नीतियों, ईरान समझौते से बाहर निकलने और क्षेत्रीय अस्थिरता ने इन्हें वैकल्पिक संबंध तलाशने को प्रेरित किया, इसी कारण इन देशों ने चीन और रूस के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत किए जबकि ईरान खुलकर अमेरिका विरोधी धुरी का हिस्सा बना रहा, इज़राइल की स्थिति अलग है जो अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी है और ट्रंप के कार्यकाल में उसे खुला समर्थन मिला, पश्चिम एशिया के अधिकांश देश किसी वैचारिक मोर्चेबंदी के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं, वे न तो अमेरिका से पूर्ण दूरी बनाना चाहते हैं और न ही चीन या रूस के खेमे में पूरी तरह जाना चाहते हैं, इन सभी प्रतिक्रियाओं को जोड़कर देखें तो स्पष्ट होता है कि वैश्विक राजनीति किसी एक बड़े गठबंधन के निर्माण की ओर नहीं बल्कि जटिल संतुलनों की ओर बढ़ रही है।

## चिकित्सा विज्ञान का अनुषंगी बन सकता है सहज ध्यान योग



चिकित्सा विज्ञान की अनुषंगी सहज ध्यान योग से हमारा तात्पर्य यह है कि यदि आधुनिक चिकित्सा के साथ ध्यान योग को पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में अपनाया जाय तो यह तनाव कम करने, मानसिक स्वास्थ्य सुधारने, प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत करने और हृदय रोगों व पाचन समस्याओं जैसी स्थितियों में लाभकारी हो सकता है। सहज ध्यान योग से शारीरिक और मानसिक संतुलन स्थापित होता है, और यह निवारक, सहायक और पुनर्वास चिकित्सा का एक प्रभावी साधन सिद्ध होता है। बीमारियाँ मन से गहराई से जुड़ी होती हैं, क्योंकि तनाव शारीरिक बीमारियों का कारण बनती है और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। मानसिक स्थितियाँ (जैसे डिप्रेशन, चिंता) शरीर को कमजोर कर सकती हैं, जिससे दर्द, थकान और अन्य शारीरिक लक्षण दिखते हैं। यह एक दोतरफा रिश्ता है जहाँ मन और शरीर एक-दूसरे पर गहरा असर डालते हैं, जैसे थायरॉयड की समस्या डिप्रेशन का कारण बन सकती है, और तनाव हृदय रोगों को बढ़ा सकता है। सहज योग की तकनीक में आत्मसाक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरते ही सुषुम्ना नाड़ी में सोई हुई कुंडलिनी शक्ति जागृत होकर मध्य नाड़ी यानि सुषुम्ना से ऊपर उठती है और सिर के ऊपर सहस्त्रार चक्र का भेदन करती है, जिससे साधक ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ जाता है। चक्रों के जागृति से उसके अंदर स्वयं को देखने वाली दृष्टि आ जाती है जिससे वह अपने शारीरिक व मानसिक दोषों को देखकर उसे दूर करने की योग्यता पा लेता है। वैसे मामूली बीमारियों के लिए सिर्फ ध्यान योग ही काफी हो सकता है, लेकिन गंभीर या उन्नत अवस्था के रोगों में यह एकमात्र उपचार के रूप में पर्याप्त नहीं होता और इसे अन्य एलोपैथिक उपचारों के साथ पूरक के रूप में उपयोग किया जा सकता है। सहज ध्यान योग की तकनीक में साधक अपने चारों ओर फैले ईश्वरीय चैतन्य से एकाकारिता पा लेता है और दूसरे व्यक्ति की शारीरिक मानसिक समस्या तक अपने चैतन्य को प्रसारित कर उसकी सहायता करने में समर्थ हो जाता है। यदि चिकित्सक और मरीज दोनों ही सहज योग प्रक्रिया से ध्यान करें तो रोग के सुधार में बेहतरीन रिजल्ट आयेंगे। जिस प्रकार डॉक्टर मरीज को स्टेथोस्कोप से चेक करते हैं वैसे सहज ध्यान से व्यक्ति के किस चक्र में समस्या है, ध्यानावस्था में उसका आभास हाथों की उंगलियों के पोर पर कर लेता है। चिकित्सा विज्ञान (शरीर-केंद्रित) और आध्यात्मिक विज्ञान (मन-आत्मा-केंद्रित) है और एक-दूसरे के पूरक हैं, जहाँ विज्ञान रोगों का इलाज करता है और आध्यात्मिकता मानसिक शांति व संपूर्ण स्वास्थ्य देती है, और दोनों मिलकर व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान कर सकते हैं। अत~ इसकी सूक्ष्मता ?को समझते हुये चिकित्सक व सभी मानव? मात्र सहज योग से जुड़ें और मानव उत्थान में एक सकारात्मक कदम उठाये। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग सदैव नि~शुल्क है।

# पर्यावरण संरक्षण कोषः जवाबदेही और पारदर्शिता का मॉडल

पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारत ने जनवरी 2026 में ऐसा निर्णायक कदम उठाया, जिसने नीति और मानसिकता दोनों की दिशा बदल दी। अधिसूचित पर्यावरण संरक्षण कोष नियम केवल किसी कानून की औपचारिक घोषणा नहीं हैं, बल्कि उस पुराने टकरावपूर्ण दृष्टिकोण का अंत हैं जिसमें विकास को पर्यावरण का विरोधी मान लिया जाता था। अब प्रदूषण को नज़रअंदाज़ करने या मात्र दंड लगाकर औपचारिकता निभाने की नीति पीछे छूट रही है। भारत ने स्पष्ट और सख्त संदेश दिया है कि जो पर्यावरण को क्षति पहुँचाएगा, उसे उसकी भरपाई भी करनी होगी। यह नई सोच पर्यावरणीय शासन को नैतिक दायित्व, ठोस जवाबदेही और वास्तविक प्रभावशीलता से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।

अब तक पर्यावरण कानूनों के उल्लंघन पर वसूली गई पेनल्टी प्रायः सरकारी खातों में निष्क्रिय पड़ी रह जाती थी। उसके उपयोग की दिशा स्पष्ट नहीं थी और पर्यावरण सुधार से उसका प्रत्यक्ष संबंध भी स्थापित नहीं हो पाता था। नए नियम इसी मूलभूत कमजोरी पर प्रहार करते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत बने ये प्रावधान पेनल्टी के उपयोग को 11 स्पष्ट गतिविधियों से जोड़ते हैं। प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और शमन से लेकर दूषित स्थलों के पुनर्विकास तक प्रत्येक पहल को ठोस वित्तीय समर्थन मिलता है। इस परिवर्तन ने पर्यावरणीय दंड को मात्र सज़ा नहीं, बल्कि सुधार की सशक्त प्रक्रिया में बदल दिया है।

इन नियमों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कोष को सार्वजनिक खाते में रखा जाएगा। इसके प्रभावी संचालन हेतु केंद्र और राज्यों के स्तर पर अलग-अलग परियोजना प्रबंधन इकाइयों का गठन किया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की निगरानी व्यवस्था पारदर्शिता को संस्थागत रूप देती है। धन के दुरुपयोग की आशंका अब सैद्धांतिक बनकर रह जाती है। कुल राशि का 75 प्रतिशत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देकर स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी गई है, जबकि शेष 25 प्रतिशत केंद्र के पास रहकर राष्ट्रीय निगरानी और नीति समन्वय को सुदृढ़ करेगा।

जन विश्वास अधिनियम 2023 ने इस कोष व्यवस्था को अतिरिक्त बल प्रदान किया है। अनेक पर्यावरणीय अपराधों को अपराधमुक्त कर मौद्रिक दंड में परिवर्तित किया गया, जिससे कानूनी प्रक्रिया अधिक सरल और व्यावहारिक बनी। अब अधिक मामलों में जुर्माना लगेगा और वही राशि सीधे पर्यावरण सुधार में व्यय होगी। इससे उद्योगों को स्पष्ट संकेत मिलता है कि उल्लंघन से बचना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। यह व्यवस्था भय के स्थान पर जिम्मेदारी आधारित अनुपालन संस्कृति को प्रोत्साहित करती है, जो दीर्घकाल में कहीं अधिक प्रभावी सिद्ध होती है।

कार्बन-हैवी उद्योगों पर केंद्रित कठोरता इस नीति की सबसे निर्णायक विशेषता बनकर उभरती है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता के लक्ष्य अब कुछ सीमित क्षेत्रों तक सिमटे नहीं रहे। सीमेंट, एल्युमीनियम, क्लोर-अल्कली और कागज उद्योग के साथ अब पेट्रोलियम रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल्स, वस्त्र और सेकेंडरी एल्युमीनियम भी इसके दायरे में हैं। चार सौ साठ से अधिक औद्योगिक इकाइयों पर लागू ये लक्ष्य प्रति टन उत्पादन उत्सर्जन को 3 से 7 प्रतिशत तक घटाने की अनिवार्यता स्थापित करते हैं। अनुपालन में चूक पर लगाया जाने वाला पर्यावरणीय मुआवजा इस नीति को वास्तविक प्रभाव देता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित दंड उस वर्ष के औसत कार्बन क्रेडिट व्यापार मूल्य से दोगुना होगा। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा जारी कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र इस पूरी व्यवस्था की आधारशिला हैं। जो इकाइयाँ लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करेंगी, वे अतिरिक्त क्रेडिट बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करेंगी। इस प्रकार प्रदूषण घाटे का सौदा बनता है और स्वच्छता लाभ का अवसर। यह बाजार आधारित तंत्र उद्योगों को स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश की दिशा में मजबूती से प्रेरित करता है। ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और कम-कार्बन प्रक्रियाएं अब केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं रहीं, बल्कि आर्थिक विवेक का प्रतीक बन गई हैं। जो उद्योग समय रहते बदलाव अपनाएंगे, वे प्रतिस्पर्धा में बढ़त हासिल करेंगे। जो पीछे रहेंगे, उन्हें दंड भुगतना पड़ेगा। इस तरह नीति बाध्यता के माध्यम से नवाचार को गति देती है और हरित संक्रमण को तेज करती है।

इन नियमों का सीधा और स्पष्ट संबंध भारत की अंतरराष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं से जुड़ता है। नेट-जीरो 2070 का लक्ष्य और 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता में पैंतालीस प्रतिशत कमी की प्रतिज्ञा अब कागज़ी घोषणा नहीं रह गई है। सीमेंट में 3.4 प्रतिशत, एल्युमीनियम में 5.8 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में 7 प्रतिशत तक निर्धारित लक्ष्य इस बदलाव को रेखांकित करते हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि विकास के नाम पर प्रदूषण की छूट का दौर अब समाप्त हो चुका है।

स्वाभाविक रूप से इन नियमों ने उद्योग और पर्यावरण के बीच बहस को और तीव्र कर दिया है। उद्योग जगत लागत बढ़ने, प्रतिस्पर्धात्मक दबाव और रोजगार पर संभावित प्रभावों की चिंता जता रहा है। वहीं पर्यावरणविद् जलवायु संकट की गंभीरता, जहरीली होती हवा और जनस्वास्थ्य पर बढ़ते खतरों को सामने रख रहे हैं। सरकार का स्पष्ट मत है कि यह टकराव नहीं, बल्कि संतुलन साधने का प्रयास है। स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने हेतु प्रोत्साहन, सब्सिडी और क्रेडिट ट्रेडिंग जैसे उपाय इस संक्रमण को व्यावहारिक और सुगम बनाएंगे।

राज्य स्तर पर उपलब्ध कराई जाने वाली 75 प्रतिशत राशि इस नीति को वास्तविक जमीनी शक्ति प्रदान करती है। इसके माध्यम से वायु गुणवत्ता सुधार, नदी सफाई, औद्योगिक क्लस्टरों की निगरानी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण की परियोजनाएं प्रभावी रूप से संचालित हो सकेंगी। स्थानीय समस्याओं के समाधान अब स्थानीय स्तर पर संभव होंगे। केंद्र द्वारा संचालित हिस्सा राष्ट्रीय डेटा, मानकों और तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। यह संघीय सहयोग का ऐसा ढांचा है जिसमें केंद्र दिशा निर्धारित करता है और राज्य क्रियान्वयन की शक्ति बनते हैं। नए पर्यावरण पेनल्टी नियम जलवायु संघर्ष में भारत का अब तक का सबसे सशक्त हस्तक्षेप सिद्ध हो सकते हैं। यह नीति प्रदूषण करने वालों को जवाबदेह बनाकर प्रकृति को उसका अधिकार लौटाती है।

उद्योगों के लिए उत्सर्जन घटाना अब केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि आर्थिक और कानूनी अनिवार्यता बन गया है। यदि इन नियमों का ईमानदार और कठोर क्रियान्वयन हुआ, तो भारत न केवल स्वच्छ पर्यावरण हासिल करेगा, बल्कि वैश्विक मंच पर नेतृत्व की भूमिका भी और मजबूत करेगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, संतुलित और सतत भविष्य की ठोस आधारशिला रखती है।

-प्रो. आरके जैन

## ट्रंप के रवैये से त्रस्त दुनिया, परंपराओं को कर रहे दरकिनार

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को एक साल बीत गया है। इस एक वर्ष के दौरान उन्होंने अपनी नाटकीय नीतियों से वैश्विक ढांचे की दशा-दिशा ही बदल दी है। यहां तक कि अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी भी उनके अप्रत्याशित रवैये से कुछ परेशान हो चुके हैं। महीनों तक नोबेल शांति पुरस्कार के लिए खुद ही अपनी पैरवी करते रहे ट्रंप ने नव वर्ष की शुरुआत में ही नए तेवर अपना लिए।

तीन जनवरी को वेनेजुएला में महज कुछ घंटों के दौरान ही सत्ता पलट करने में सफल रहे ट्रंप उसके बाद ईरान और ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामकता दिखाने लगे। बीते दिनों ईरान में अनियंत्रित हुए विरोध-प्रदर्शनों के निर्ममता से दमन को लेकर भी उन्होंने चेताया कि अगर सत्ता ने अपना शिकंजा और कड़ा किया तो वे कोई कड़ा कदम उठाने से संकोच नहीं करेंगे। जब हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबरें आईं तो ट्रंप ने कहा कि अमेरिका कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है और ईरान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी।

इसके लिए उन्होंने पिछले साल ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का उदाहरण भी सामने रखा। ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान ने प्रदर्शनकारियों की हत्या और गिरफ्तार लोगों को फांसी दिए जाने जैसे आरोपों से इन्कार किया है और ट्रंप ने भी अपने निजी सूत्रों का हवाला दिया कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। यह बात अलग है कि ईरान में जिन लोगों एवं संस्थाओं पर प्रदर्शनकारियों के दमन और विदेशी बाजार में तेल की कालाबाजारी के आरोप हैं, उन पर ट्रंप प्रशासन ने नए सिरे से और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। इतना ही नहीं, ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भी उन्होंने ईरान और उसके सहयोगियों को कड़ा संदेश दिया। ईरान से इतर ग्रीनलैंड का मामला ट्रंप के नजरिये से कहीं अधिक महत्वपूर्ण दिख रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसमें उन्हीं देशों का अमेरिका के साथ टकराव बढ़ता दिख रहा है, जो द्वितीय महायुद्ध के बाद से ही अमेरिका के घनिष्ठ मित्र रहे हैं। ट्रंप इन देशों के साथ उसी आत्मीयता को तार-तार कर रहे हैं। उन्होंने एआइ जनित तस्वीर के माध्यम से पोस्ट किया कि 2026 से ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बन गया है। वैसे ग्रीनलैंड के प्रति ट्रंप का यह नजरिया कोई नया नहीं है। अपने पहले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड का मुद्दा उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का एक केंद्र बिंदु रहा है।

इसे अक्सर डोनरो डोक्ट्रिन के रूप में प्रस्तुत किया गया। वे आर्कटिक क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक मोर्चे के रूप में देखते हैं, जिसे किसी भी तरह अमेरिकी नियंत्रण में लाना आवश्यक है। ट्रंप प्रशासन शक्ति प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से भी अपने इस रुख को सही ठहराता है। ट्रंप बार-बार दोहराते रहे हैं कि ग्रीनलैंड रूसी और चीनी जहाजों से घिरा हुआ है और उसके पास स्वयं पर कब्जे के किसी प्रयास का प्रतिरोध करने की सैन्य क्षमता नहीं है।

-धनंजय राजौरा

# वर्दी, मर्यादा और विश्वास का संकट

लोकतंत्र में सत्ता का सबसे संवेदनशील और प्रभावशाली चेहरा पुलिस व्यवस्था होती है। पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि राज्य की नैतिक शक्ति का प्रतीक भी है। जब इसी व्यवस्था का कोई शीर्ष अधिकारी गंभीर नैतिक आरोपों में घिरता है, तो सवाल केवल व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे तंत्र की साख, जवाबदेही और आचरण पर उठ खड़े होते हैं। कर्नाटक के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और डीजीपी (सिविल राइट्स एन्फोर्समेंट) को कथित आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद निलंबित किया जाना इसी गहरे संकट की ओर संकेत करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित वीडियो क्लिप्स ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी। राज्य सरकार द्वारा त्वरित निलंबन का निर्णय इस बात का संकेत है कि मामला केवल निजी आचरण तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि सार्वजनिक पद की गरिमा और संस्थागत प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ समझा गया।

हालांकि, यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी भी व्यक्ति को कानूनन दोषी ठहराने से पहले निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो। लोकतंत्र का यही संतुलन है—न तो आरोपों को नज़रअंदाज़ करना और न ही जांच से पहले निर्णय सुना देना।

पुलिस वर्दी एक साधारण पोशाक नहीं होती। यह नागरिकों और राज्य के बीच विश्वास का प्रतीक होती है। विशेष रूप से डीजीपी स्तर का अधिकारी केवल आदेश देने वाला प्रशासक नहीं, बल्कि पूरे बल के लिए नैतिक मानक तय करने वाला चेहरा होता है। उसके आचरण से यह संदेश जाता है कि व्यवस्था किस दिशा में खड़ी है।

जब किसी शीर्ष अधिकारी पर ऐसे आरोप लगते हैं, तो आम नागरिक के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि यदि नीति निर्धारण और अनुशासन लागू करने वाले ही मर्यादाओं को लेकर लापरवाह हों, तो व्यवस्था से न्याय की उम्मीद कैसे की जाए? यही वह बिंदु है जहाँ व्यक्तिगत आचरण सार्वजनिक चिंता का विषय बन जाता है।

यह प्रकरण एक और महत्वपूर्ण पहलू को उजागर करता है—सोशल मीडिया का प्रभाव। आज किसी भी कथित वीडियो या सामग्री का कुछ ही घंटों में व्यापक प्रसार हो जाता है। इससे एक ओर पारदर्शिता बढ़ी है, तो दूसरी ओर अफवाह, संपादन और दुरुपयोग का खतरा भी। इसलिए राज्य और जांच एजेंसियों के सामने दोहरी चुनौती होती है—जनभावना का सम्मान करते हुए भी तथ्यों की गहराई से पड़ताल करना।

सोशल मीडिया पर वायरल सामग्री को आधार बनाकर प्रशासनिक कार्रवाई करना एक संवेदनशील निर्णय होता है। कर्नाटक सरकार द्वारा निलंबन का फैसला यह दर्शाता है कि प्रारंभिक स्तर पर ही जवाबदेही तय करने की कोशिश की गई, ताकि जांच निष्पक्ष वातावरण में हो सके। निलंबन स्वयं में दंड नहीं, बल्कि जांच के लिए रास्ता साफ करने की प्रक्रिया है—यह तथ्य समझना भी जरूरी है।

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि किसी अधिकारी का निजी जीवन उसके काम से अलग होना चाहिए। सिद्धांत रूप में यह बात सही लग सकती है, लेकिन उच्च संवैधानिक या प्रशासनिक पदों पर बैठे लोगों के लिए निजी और सार्वजनिक जीवन के बीच की रेखा बहुत पतली होती है। कारण साफ है—उनका हर आचरण संस्था की छवि से जुड़ जाता है।

यदि कथित कृत्य ऐसे हों जो सार्वजनिक नैतिकता, महिला सम्मान या पद की गरिमा के विपरीत माने जाएँ, तो उन्हें केवल ÷निजी मामला कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। विशेषकर तब, जब वे कृत्य सार्वजनिक प्रतीकों, वर्दी या आधिकारिक वातावरण से जुड़े होने का आरोप झेल रहे हों।

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा प्रश्न व्यक्ति से आगे जाकर संस्थागत जवाबदेही का है। क्या हमारी प्रशासनिक संरचना में ऐसे तंत्र पर्याप्त रूप से मजबूत हैं, जो समय रहते आचरण संबंधी विचलनों को पहचान सकें? क्या वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आंतरिक आचार संहिता केवल कागज़ों तक सीमित रह गई है?

आईपीएस जैसे प्रतिष्ठित कैडर से समाज अपेक्षा करता है कि वह न केवल कानून लागू करे, बल्कि नैतिक नेतृत्व भी प्रदान करे। यदि किसी एक अधिकारी की कथित चूक पूरे बल की छवि पर प्रश्नचिह्न लगा देती है, तो यह संकेत है कि आंतरिक निगरानी और नैतिक प्रशिक्षण पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है।

किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह होता है कि कानून सबके लिए समान है। चाहे वह आम नागरिक हो या सर्वोच्च पद पर बैठा अधिकारी। यदि जांच के बाद आरोप सिद्ध होते हैं, तो कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जो यह स्पष्ट करे कि पद, प्रभाव और पहचान कानून से ऊपर नहीं हैं।

साथ ही, यदि आरोप असत्य या बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किए गए पाए जाते हैं, तो यह भी उतना ही आवश्यक है कि संबंधित अधिकारी की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित किया जाए। न्याय का अर्थ केवल दंड देना नहीं, बल्कि सत्य की स्थापना भी है।

आम नागरिक पुलिस से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि नैतिक आश्वासन भी चाहता है। वह यह विश्वास करना चाहता है कि जिन हाथों में कानून की बागडोर है, वे स्वयं कानून और मर्यादा के दायरे में हैं। जब ऐसे प्रकरण सामने आते हैं, तो जनता का भरोसा डगमगाता है—और यही किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा होता है।

इसलिए सरकारों और संस्थानों की जिम्मेदारी केवल तात्कालिक कार्रवाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्हें यह भी सोचना होगा कि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो—इसके लिए प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक परामर्श, नैतिक मूल्यांकन और जवाबदेही की स्पष्ट प्रक्रियाएँ विकसित करनी होंगी।

कर्नाटक डीजीपी प्रकरण केवल एक अधिकारी के कथित आचरण का मामला नहीं है। यह उस व्यापक प्रश्न का प्रतीक है कि सत्ता, नैतिकता और जवाबदेही के बीच हमारा संतुलन कितना मजबूत है।

निलंबन एक प्रारंभिक कदम है, अंतिम निष्कर्ष नहीं। असली कसौटी निष्पक्ष जांच, पारदर्शी प्रक्रिया और न्यायसंगत निर्णय में होगी।

लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब संस्थाएँ स्वयं को सुधारने का साहस दिखाती हैं। वर्दी की गरिमा, पद की मर्यादा और जनता का विश्वास—इन तीनों की रक्षा के लिए यह आवश्यक है कि कानून बिना भय और पक्षपात के अपना काम करे। यही इस पूरे प्रकरण से निकलने वाला सबसे महत्वपूर्ण संदेश होना चाहिए।

-डॉ. प्रियंका सौरभ,

# वसंत पंचमीः जब प्रकृति, प्रेम और कला एक साथ गुनगुनाते हैं

23 जनवरी 2026 को हम सभी वसंत पंचमी का पावन पर्व मनाने जा रहे हैं। इसे माघ मास की शुक्ल पंचमी, सरस्वती पूजन दिवस और विद्या-आराधना के पर्व के रूप में भी जाना जाता है। यह दिन न केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और प्रकृति के नवजीवन का उत्सव भी है। वसंत पंचमी को माँ सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त है और इसी कारण यह ज्ञान, कला, संगीत, सृजन और बुद्धि की उपासना का विशेष अवसर बन जाती है।

पुराणों के अनुसार, जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की, तब उन्हें चारों ओर मौन और निस्तब्धता अनुभव हुई। उस नीरवता को तोड़ने के लिए उन्होंने अपने कमंडल से जल छिड़का, जिससे एक दिव्य देवी प्रकट हुईं, जिनके हाथों में वीणा थी। जैसे ही उन्होंने वीणा का मधुर नाद छेड़ा, संसार को वाणी, शब्द और अभिव्यक्ति का वरदान मिला। वह दिन माघ शुक्ल पंचमी का ही था, इसीलिए इसे देवी सरस्वती का जन्मदिन माना जाता है। यह कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि इस सत्य का प्रतीक है कि ज्ञान और वाणी के बिना सृष्टि भी अधूरी है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वसंत पंचमी अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाई जाती है। दक्षिण भारत में इसे 'श्री पंचमी' कहा जाता है, जहाँ 'श्री' शब्द देवी लक्ष्मी का प्रतीक है, जो समृद्धि और ऐश्वर्य की अधिष्ठात्री हैं। इस प्रकार वसंत पंचमी ज्ञान और समृद्धि—दोनों शक्तियों के संगम का पर्व बन जाती है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण की 'सिग्नेचर ट्यून' भी वसंत ही है। स्वयं श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है-%ऋतुनां कुसुमाकरः%, अर्थात ऋतुओं में मैं वसंत हूँ। इसका अर्थ है कि वसंत वह काल है जब संपूर्ण सृष्टि स्वयं एक जीवंत संगीत बन जाती है।

वसंत पंचमी को 'मदनोत्सव' भी कहा जाता है। 'मदन' कामदेव का ही एक नाम है, इसलिए यह पर्व प्रेम, आकर्षण और सौंदर्य का उत्सव भी माना जाता है। इस समय प्रकृति में यौवन का संचार स्पष्ट दिखाई देता है। वृक्ष अपने पुराने पत्ते त्याग कर नई कोंपलों का स्वागत करते हैं। खेतों में लहलहाती सरसों किसानों की मुस्कान बन जाती है और पलाश (टेसू) के लाल फूल जंगलों में प्रेम की अग्नि-से दहकते प्रतीत होते हैं। कोयल की कूक, मधुमक्खियों की गूंज, भौंरों का गुंजार और तितलियों की उड़ान-सब मिलकर वातावरण में एक अनोखा नशा घोल देते हैं।

यह दिन बुद्धि और कला के अद्भुत संगम का प्रतीक है। माँ सरस्वती का जन्म केवल एक धार्मिक मान्यता नहीं, बल्कि ज्ञान की शक्ति का उत्सव है। लेखकों की कलम, गायकों के सुर, चित्रकारों के रंग और विचारकों के दृष्टिकोण को नई ऊर्जा देने के लिए वसंत पंचमी से श्रेष्ठ कोई मुहूर्त नहीं माना जाता। इसी कारण इस दिन 'अक्षर अभ्यासम' की परंपरा है। विद्या और कला से जुड़े लोग अपनी पुस्तकों, कलम और वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं। बंगाल और दक्षिण भारत के अनेक क्षेत्रों में छोटे बच्चों को पहली बार अक्षर लिखना इसी दिन सिखाया जाता है, जिसे 'विद्यारंभ संस्कार' कहा जाता है।

वसंत पंचमी में पीले रंग का विशेष महत्व है। पीला रंग केवल सूर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से उत्साह, आशा और ऊर्जा बढ़ाने वाला माना जाता है। इस समय सरसों की पीली फसलें धरती के श्रृंगार का दृश्य रचती हैं। आयुर्वेद के अनुसार, वसंत ऋतु में शरीर में कफ की अधिकता होती है और पीले रंग से जुड़े तत्व—जैसे हल्दी और केसर—शरीर में ऊष्मा और स्फूर्ति बनाए रखने में सहायक होते हैं। इसी कारण पीत वस्त्र, पीले पकवान और पीले पुष्प इस पर्व का अभिन्न अंग हैं।

स्वास्थ्य और योग की दृष्टि से भी वसंत पंचमी एक 'नेचुरल हीलिंग' का समय है। वसंत ऋतु की स्वच्छ और सुगंधित हवा रक्त संचार को संतुलित करने में सहायक होती है। ध्यान, प्राणायाम और योग का आरंभ करने के लिए यह मौसम अत्यंत अनुकूल माना जाता है। इस ऋतु की ताजगी मन को एकाग्र करने में सहज और प्राकृतिक सहायता प्रदान करती है। सच कहा जाए तो वसंत पंचमी हमें यह सिखाती है कि जीवन में ज्ञान (सरस्वती) और प्रेम (कामदेव) का संतुलन ही वास्तविक आनंद का स्रोत है।

'चरक संहिता' के अनुसार, वसंत ऋतु में प्रकृति और मनुष्य-दोनों के भीतर नया उत्साह और यौवन उमड़ पड़ता है। यह पर्व केवल मानव जीवन तक सीमित नहीं, बल्कि ब्रज की गलियों में राधा-कृष्ण के दिव्य रास का भी प्रतीक है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन श्रीकृष्ण ने पीत वस्त्र धारण किए थे, तभी से पीला रंग शुभता, उल्लास और ज्ञान का प्रतीक माना जाने लगा। इसी दिन माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा था, जिससे अंततः शिव-पार्वती विवाह और भगवान कार्तिकेय के जन्म की कथा जुड़ी हुई है।

वास्तव में वसंत पंचमी का संबंध हिंदू धर्म की तीनों देवियों-%सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती% से माना जाता है। यह ज्ञान, समृद्धि और सृजनशीलता—इन तीनों शक्तियों की आराधना का पर्व है। यह देवी सरस्वती और सरस्वती नदी से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। ऐतिहासिक और वैदिक मान्यताओं के अनुसार, सरस्वती नदी उत्तर-पश्चिमी भारत में बहने वाली एक प्राचीन नदी थी, जो कालांतर में लुप्त हो गई। वसंत ऋतु में हिमालयी हिमनदों के पिघलने से इस नदी में जल प्रवाह बढ़ जाता था और उसके तटों पर दूर-दूर तक सरसों के पीले फूल खिल उठते थे।

कहा जाता है कि महर्षि वेदव्यास और अनेक ऋषियों के आश्रम सरस्वती नदी के तट पर स्थित थे। यहीं वेदों, उपनिषदों और अन्य महान ग्रंथों की रचना एवं संकलन हुआ। इस कारण सरस्वती नदी ज्ञान और बुद्धि की देवी सरस्वती का पर्याय बन गई। वसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती का श्रृंगार पीताम्बरी वस्त्रों से किया जाता है और कई परंपराओं में इसी दिन से बच्चों की औपचारिक शिक्षा का आरंभ किया जाता है। प्राचीन काल में वसंत पंचमी से ही महीने भर चलने वाले वसंतोत्सव की शुरुआत होती थी, जिसका समापन होली के रंगोत्सव पर होता था।

वसंत पंचमी से जुड़ी पौराणिक कथाओं में कामदेव और शिव की कथा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इसी दिन कामदेव कैलाश पर्वत पर गए और भगवान शिव की तपस्या भंग करने के लिए एक मायावी इंद्रधनुष रचा। अंततः शिव की समाधि तो भंग हुई, लेकिन क्रोध में उन्होंने कामदेव को भस्म कर दिया। बाद में पार्वती से विवाह और कार्तिकेय के जन्म के माध्यम से तारकासुर का अंत हुआ।

भारत के विभिन्न प्रांतों में वसंत पंचमी के लोक-रंग भी अत्यंत मनोहारी हैं। पंजाब में यह पर्व पतंग उत्सव के रूप में मनाया जाता है। लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं, पीले चावल बनाते हैं और सिख पुरुष पीली पगड़ियाँ पहनते हैं। महाराष्ट्र में विवाह के बाद पहली वसंत पंचमी पर दंपति पीले वस्त्र पहनकर मंदिर दर्शन करते हैं। राजस्थान में लोग चमेली के फूलों की मालाएँ धारण करते हैं। बिहार में इस दिन सूर्य देव की प्राचीन मूर्ति को स्नान कराकर सजाया जाता है और भव्य उत्सव मनाया जाता है। यह पर्व मुस्लिम सूफी परंपरा में भी विशेष स्थान रखता है। मध्यकाल में सूफी संत हजरत अमीर खुसरो ने हिंदू संस्कृति से प्रेरित होकर सूफी दरगाहों पर वसंत मनाने की परंपरा शुरू की। आज भी दिल्ली की निजामुद्दीन औलिया दरगाह पर 'सूफी बसंत' मनाया जाता है, जहाँ कव्वाल पीले वस्त्र पहनकर बसंती कलाम गाते हैं।

-सुनील कुमार महला

# आज नगर में मनेगी श्री राम दीपावली, तैयारियां पूर्ण

**बैठक में तय की रूपरेखा, पुलिस ने भी ड्रोन से की निगरानी**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर पूर्ण होकर प्रभु की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य उत्सव पूरे देश मे मनाया गया था। आज प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की द्वितीय वर्षगांठ गुरूवार को उसी उत्साह और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस दिन नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी और पूरा नगर फिर भगवामय होगा। इसके लिए मंगलनाथ मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

आयोजन समिति के अनुसार शोभा यात्रा 22 जनवरी को शाम 4 बजे बस स्टैंड के पास से शुरू होगी। यह शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और उसी स्थान पर यात्रा का विराम होगा। इसके लिए युवाओं द्वारा लगातार आमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं और शहरवासियों से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है। इस शोभा यात्रा में संत मुकेश मोलवा भी शामिल होंगे। यह यात्रा अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली जा रही है, जिसके कारण लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों का अनुमान है कि इस आयोजन में हजारों की संख्या में युवा और श्रद्धालू भाग लेंगे। प्रशासन भी यात्रा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियां कर रहा है।

पुलिस प्रशासन भी अलर्ट- अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को शाजापुर शहर में भव्य 'श्री राम दीपावली यात्रा' निकाली जाएगी। आयोजन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में शहर के मुख्य यात्रा मार्गों का ड्रोन कैमरों के माध्यम से सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। पुलिस प्रशासन ने शहर के संवेनदनशील क्षेत्रों, तंग गलियों और ऊँची इमारतों की छतों की निगरानी के लिए आधुनिक ड्रोन तकनीक का सहारा लिया है। निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग पर स्थित जर्जर भवनों, संदिग्ध स्थानों और छतों पर जमा पत्थर या अन्य सामग्री की बारीकी से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, असामाजिक तत्वों पर हर पल नजर रखी जा सके।

# अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की लगातार कार्यवाई

**बरोठा, नेवरी, हाट पिपलिया, विक्रम पुर, हारंगाँव एवं जियागांव क्षेत्र में आबकारी की कार्रवाई**



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के मार्गदर्शन में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें *दिनांक 20.01.2026 को सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे के नेतृत्व में आबकारी की टीम द्वारा वृत्त देवास ब ,बागली एवं खाते गांव क्षेत्र मे दबिश की कार्यवाही की गई ,जिसमे बरोठा,नेवरी ,हाट पिपलिया ,हरणगाँव, विक्रमपूर, जियागाँव आदि क्षेत्रों में संदिग्ध स्थानों पर तथा ढाबा होटलों पर सर्चिंग कर कार्यवाही की गई जिसमे 132 पाव देशी मदिरा 29 कैन बियर एवं 10 पाव विदेशी मदिरा बरामद किया गया । कार्यवाही में कुल 11 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 15000 रुपये है । आज की कार्यावाही में आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव ,पूजा गहलोत आबकारी आरक्षक राजेश जोशी,सुरेंद्र,आशीष गुप्ता ,शंकरलाल परते एवं गीतेश सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सारंगपुर में 23 जनवरी को लगेगा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य महाशिविर

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देवास द्वारा माननीय डॉ. गौतमजी टेटवाल (राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, कौशल विभाग एवं रोजगार, म.प्र. शासन) के मार्गदर्शन में एवं श्याम परिवार के सहयोग से जनहित में एक विशाल सर्व रोग निदान महाशिविर का आयोजन आगामी 23 जनवरी 2026 शुक्रवार को सारंगपुर में किया जा रहा है। इस शिविर में हृदय रोग, कैंसर और मस्तिष्क रोग जैसी गंभीर बीमारियों का निःशुल्क परामर्श और सोनोग्राफी, इसीजी, एक्सरे , खून पेशाब की जांच की जाएगी। साथ ही अमलतास आयुर्वेदिक एवं होम्योपेथिक अस्पताल के द्वारा भी निशुल्क परामर्श दिया जायेगा। साथ ही शिविर के अगले दिन चिह्नित मरीजों का निशुल्क इलाज किया जायेगा एवं अस्पताल तक जाने हेतु निःशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर में आने वाले मरीज अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, वोटर कार्ड और आधार कार्ड साथ अवश्य लाएं।

गौतमजी टेटवाल मित्र मण्डल एवं श्याम परिवार ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। यह आगामी शिविर सारंगपुर में श्री बालाजी मैरिज गार्डन, बस स्टैंड के पास सुबह 10 बजे से 3 बजे रहेगा।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कार्यवाही कर दो मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 5 दिवस के लिए निलंबित किया




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन देवास ने बताया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के अंतर्गत जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के अंतर्गत पायी गयी अनियमितताओं के चलते मेडिकल स्टोर्स मेसर्स न्यू हरिओम मेडिकल स्टोर कन्नौद, मेसर्स पीताम्बरा मेडिकल स्टोर कन्नौद, मेसर्स नाहर मेडिकल पीपलरावां, मेसर्स संजीवनी मेडिकल कांटाफोड, मेसर्स लक्ष्मी मेडिको, कांटाफोड, मेसर्स शुक्ला मेडिकल स्टोर कन्नौद, मेसर्स सार्थक मेडिकल स्टोर हाटपीपल्या एवं मेसर्स देवेन्द्र मेडिकल स्टोर कन्नौद को कारण बताओ सुचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण माँगा गया। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मेसर्स न्यू हरिओम मेडिकल स्टोर, कन्नौद एवं मेसर्स शुक्ला मेडिकल स्टोर कन्नौद के लाइसेंस 05 दिवस के लिए निलंबित किये गए।

उन्होंने बताया कि अन्य मेडिकल स्टोर्स के सम्बन्ध में प्राप्त जवाबों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त, जनवरी माह में विभिन्न मेडिकल स्टोर एवं शासकीय संस्थाओ से गुणवत्ता परीक्षण के लिए 20 औषधि एवं कॉस्मेटिक नमूने जांच/परीक्षण के लिए शासकीय विश्लेषक, औषधि प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गए हैं। जिसमे विभिन्न प्रकार की टेबलेट, कैप्सूल्स, कफ सिरप एवम कॉस्मेटिक के नमूने सम्मिलित है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। जिले में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## जनसुनवाई के आवेदनों का समय पर निराकरण हो- महापौर



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा निगम बैठक हाल मे जनसुनवाई की गई। महापौर के द्वारा नागरिकों से निगम संबंधि समस्याओं के आवदेन प्राप्त किये गये। जिसमें वार्ड 2 तुलजा विहार कालोनी रहवासीगणों ने चेम्बरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी करने, वार्ड 33 हनुमान मंदिर के पिछे नाली के पानी की निकासी करने व नाली बनाने तथा अतिक्रमण हटाने, सुतार बाखल निवासी द्वारा समग्र आईडी मे त्रृटी को सुधारने, वार्ड 17 रसुलपुर स्थित किंग पार्क कालोनी के समीप शासकीय भूमि एवं नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने, वार्ड 19 मृदुल विहार कालोनी मे जर्जर पानी की टंकी को तोडने व अन्य समस्याओं के आवेदन महापौर को दिये गये। महापौर द्वारा आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से गहन चर्चा कर उनका निराकरण समय सीमा मे किये जाने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान महापौर गीता अग्रवाल के द्वारा विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रमाण पत्र 12 हितग्राहियों को तथा 30 व्यवसाईयां को खाद्य व अखाद्य लायसेंसों का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, प्र. राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, हरेन्द्रसिह ठाकुर एवं निगम अधिकारी व कर्मचारी तथा व्यवसाई एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# लखुंदर नदी में मिला बुजुर्ग का शव

**घर से घास काटने का कहकर निकले थे, पैर फिसलने से हादसे की आशंका**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के मक्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिहोदा और दुहानी के बीच लखुंदर नदी में बुधवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिला। मृतक की पहचान दुहानी निवासी गणपत पिता बोना जी (जाति बलाई) के रूप में हुई है। उनके बेटे लालजीराम ने शव की शिनाख्त की।

परिजनों के अनुसार गणपत मंगलवार को ग्राम पंचायत सिहोदा में अपनी पेंशन चालू करवाने और घास काटने की बात कहकर घर से निकले थे। देर शाम तक वे वापस नहीं लौटे, जिसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने लखुंदर नदी में एक शव तैरता हुआ देखा। इसकी सूचना तत्काल मक्सी पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी संजय वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बुजुर्ग का पैर फिसलने से वे नदी में गिर गए होंगे, जिससे डूबने के कारण उनकी मौत हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल मक्सी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# आरटीओ ने गर्ल्स कॉलेज में लर्निंग लायसेंस के लिए शिविर का आयोजन किया



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन द्वारा समस्त विभागों में संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों/ तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें परिवहन विभाग की तीन सेवाओं वाहन पंजीयन का नवीनीकरण, ड्रायविंग लायसेंस का नवीनीकरण, लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस जारी करना को शामिल किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी देवास ने बताया कि शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में लर्निंग लायसेंस के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवेदकों से चालक लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन प्राप्त किये गये। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी तक देवास जिले की विभिन्न तहसीलों में शिविर आयोजित किये जायेंगे, जिससे नागरिको को को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि विशेष जांच अभियान के अन्तर्गत लगातार जांच अभियान भी देवास में चलाया जा रहा है, जिसमें स्लीपर बसों एवं यात्री बसों की जाँच की जा रही है। कार्यवाही के दौरान बसों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार, पार्टीशन गेट, स्लाईडर, पैनिक बटन इत्यादित की जॉच की गई। साथ ही बकाया वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करते हुए दो बसों को जप्त किया जाकर 02 लाख 60 हजार पुराना बकाया मोटरयान वसूल किया गया। कार्यालय द्वारा स्लीपर यात्री बसों के स्वामियों को शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मापदण्ड पूर्ण किये जाने के लिए नोटिस जारी किये गये हैं। निर्धारित समय सीमा में सुरक्षा मापदण्ड पूर्ण नहीं करने की स्थिति में परिवहन कार्यालय द्वारा फिटनेस निरस्ती के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही भी की जायेगी।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में जल सुरक्षा अभियान अंतर्गत की जा रही है पानी की जांच



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य अमित सिंह ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा जल सुरक्षा अभियान के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के पेयजल स्त्रोतों के वाटर सेम्पल लेकर विभाग की जल परीक्षण प्रयोगशाला में पानी की शुद्धता की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया 03 जनवरी से अब तक लोक स्वास्थ्य यांत्रीकी विभाग की जल परीक्षण प्रयोगशाला में 250 वाटर सेम्पल की जांच की गई है। जांच किये गये वाटर सेंपल ठीक पाये गये है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकाय द्वारा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दुषित जल से होने वाली बीमारी एवं उसके रोकथाम के संबंध में बैठक कर जन-जागरूकता का कार्य भी किया जा रहा है।

## देवास में प्रति रविवार जैविक हाट बाजार लग रहा है लोग कर रहे हैं खरीदारी

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक कृषि ने बताया कि देवास में जैविक हाट बाजार प्रति रविवार को प्रातः 10 से शाम 4.00 बजे तक फल सब्जी मंडी परिसर मक्सी रोड देवास में लगाया जा रहा है। जैविक हाट बाजार में रासायनिक मुक्त ताजी सब्जी, फल, अनाज, दालों एवं जैविक तथा प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया जाएगा। उन्?होंने समस्त शहरवासियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रविवार को लगने वाले जैविक हाट बाजार में जाकर जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का क्रय कर लाभ उठाएं।

## युवा संगम का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर देवास में 28 जनवरी को

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार युवा संगम आयोजन अन्तर्गत रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टीशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संयुक्त ''युवा संगम'' का आयोजन 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित किया जा रहा है। युवा संगम आयोजन में शासकीय विभागों द्वारा युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और कैरियर काउन्सिलिंग की जानकारी भी दी जायेगी तथा युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। 'युवा संगम'' के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर सिंह ने जिला अधिकारियों को दायित्व भी सोंपे है।

## 17 फरवरी को होंगे अभिभाषक संघ के चुनाव, इसी दिन परिणाम

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अभिभाषक संघ के चुनाव आगामी फरवरी माह में होंगे। जिनके द्वारा चुनाव कार्यक्रम तय किया जा चुका है। जारी कार्यक्रम अनुसार अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए मतदान 17 फरवरी को होंगे। वही इसी दिन शाम 5 बजे परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। जिला अभिभाषक संघ के चुनाव अधिकारी कृष्ण कराडा, सहा. चुनाव अधिकारी दिलीपकुमार नागर एवं मनीष नागर ने बताया कि मतदान के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 20 जनवरी को किया गया। इसके बाद आपत्ति एवं निराकरण के लिए 25 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि 27 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा और दावे-आपत्ति और उसका निराकरण दि. 28 जनवरी को किया जाएगा।

# प्रदेश सरकार की सोच को सार्थकता प्रदान कर रहा जन अभियान परिषद

**ग्रामोदय से अभ्युदय ग्राम विकास पखवाड़े अंतर्गत हुआ आयोजन**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 12 से 26 जनवरी तक संपूर्ण मध्य प्रदेश में सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युदय ग्राम विकास पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बुधवार को स्थानीय आदर्श नवीन नगर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् नवांकुर संस्था कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा जिला समन्वयक विष्णु नागर के मार्गदर्शन और ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डाइट प्राचार्य बालेन्दु श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद चयन समिति अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने की। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता संगीता हाडे एवं दीपक जैन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि किस प्रकार हमें घर में स्वच्छता रखना चाहिए और हमें किस प्रकार गिला कचरा और सूखा कचरा भी अलग-अलग रखना चाहिए। श्री सक्सेना ने बताया कि किस प्रकार पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली जागरूकता रैली

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार सुबह 11 बजे श्परवाहश् जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यातायात पुलिस द्वारा आयोजित इस रैली का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं और पुलिस जवान शामिल हुए। यातायात थाना प्रभारी सौरव शुक्ला ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली स्टेडियम ग्राउंड से शुरू होकर शहरी हाईवे, ट्रैफिक पाइंट, बस स्टैंड और फव्वारा चौराहा होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय में समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं और पुलिस जवानों ने स्लोगन तथा संदेशों के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से बचने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात थाना प्रभारी सौरव शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यह रैली सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि यातायात नियमों का पालन करने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया जा रहा है।

# जिले से अचानक गायब हो गया तेंदुआ, कई दिनों से नहीं हुई हलचल, अब भी कई जगह दहशत में जी रहे लोग



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कई दिनों तक लोगों के दिल और दिमाग में दहशत का पर्याय बना तेंदुआ जिस तेजी से आया था उसी तेजी से गायब हो गया। पिछले कई दिनों से तेंदुए की न काई हलचल हुई है न उसकी कोई खबर सामने आई है। लेकिन उसकी दहशत अब भी जिले में बनी हुई है। हल्की सी आहट होने पर लोगों को तेंदुए की मौजूदगी महसूस होने लगती है।

दिसंबर माह के अंतिम दिनों मे तेंदुए की दहशत जिले के कालापीपल सहित कई क्षेत्रों में बनी हुई थी और वन विभाग को उसके पगमार्क भी मिले थे। कई लोगों ने तो उसे नदी से निकलते हुए भी देखा था जिसका वीडियो भी सामने आया था और खुद वन विभाग ने उस वीडियो के सही होने की पुष्टि की थी। इसके बाद तेंदुए के कारण लोगों ने खेतों पर जाना भी छोड़ दिया था। इसके अलावा एमपीईबी से विद्युत प्रदाय का समय बदलने की भी मांग की गई थी। लेकिन पिछले 15 दिनों से तेंदुए के बारे में न वन विभाग के पास कोई अपडेट है और न ही वह जहां दिखाई दे रहा था वहां से भी वह गायब हो चुका है। जिसके चलते वन विभाग ने भी अपना पिंजरा हटा लिया है। जबकि तेंदुए ने यहां मवेशियों पर हमला किया था तो एक हिरण का शिकार भी किया था। उसके बाद तेंदुआ अचानक गायब हो गया।

सालों से दस्तक दे रहे जंगली जानवर- जिले में तेंदुआ ही नहीं बल्कि शेर भी यहां शिकार कर चुका है। वर्ष 2016 में कई दिनों की कड़ी मेहनत और जिले सहित बाहर से आई टीम ने उसे पकड़ा था। इसके अलावा मादा तेंदुआ ने तो यहां दो शावकों का भी जन्म दिया है। जिले में जंगली जानवरों के आने का इतिहास भी रहा है। इस वर्ष भी एक नहीं बल्कि चार तेंदुए यहां होने की बात भी सामने आई थी। हालांकि वन विभाग द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई थी। लेकिन उन्होंने लोगों को सतर्क रहने की सलाह जरूर दी थी।

आज भी दहशत में जी रहे लोग- पिछले 15 दिनों से न तो तेंदुआ किसी को दिखाई दिया है और न ही उसने कोई शिकार किया है। दो तीन दिन पहले मुल्लाखेड़ी गांव में उसके होने की बात जरूर सामने आई थी। लेकिन उसे किसी ने देखा नहीं था। इधर वन विभाग ने भी अपना पिंजरा हटा लिया है। लेकिन आज भी कई क्षेत्रों में लोग दहशत में जी रहे हैं जो आज तक अंधेरे में घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं।

इनका कहना है- कई दिनों से तेंदुए की रिपोर्टिंग नहीं हुई है और उसे किसी ने देख भी नहीं है। हमने पिंजरा भी हटा लिया है। यदि उसके कहीं होने की जानकारी सामने आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- हेमलता शाह, वन मंडलाधिकारी-शाजापुर**

# ग्रामोदय से अभ्युदय - सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम रथभवर सरस्वती शिशु मंदिर मे संपन्न



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की मंशा के अनुरूप ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत ग्राम विकास, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्राम प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया 20 जनवरी को ग्राम रथभंवर में आयोजित किया गया था आयोजन में अतिथि के रूप में मौजूद विष्णु जी नागर - जिला समन्वयक, जन अभियान परिषद

डॉ. स्मृति व्यास आत्मा परियोजना संचालक, डॉ. जी. आर. अम्बतिया - वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विभाग, डॉ. डी. के. तिवारी - वैज्ञानिक, कृषि विभाग श्री बसंत रावत - ब्लॉक समन्वयक, मनोज जी पटेल - उन्नत कृषक राधेश्याम सौराष्ट्रीय - सरपंच प्रतिनिधि जगदीश जी अमृतीय - सामाजिक कार्यकर्ता, दिलीप जी चौधरी - मंडल महामंत्री कार्यक्रम का शुभारंभ, कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात नवांकुर संस्था द्वारा उपस्थित अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।, कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यक्रम की रूपरेखा श्री दीपक जी नारोलिया द्वारा प्रस्तुत की गई। उद्बोधन सारांश, श्री बसंत रावत ने जन अभियान परिषद की ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ग्राम विकास में जनसहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. जी. आर. अम्बतिया ने किसानों को कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने, जैविक खेती अपनाने तथा प्रारंभिक रूप से 2 बीघा भूमि में जैविक खेती करने का मार्गदर्शन दिया। विष्णु जी नागर ने ग्रामोदय से अभ्युदय संगोष्ठी के माध्यम से ग्राम विकास की अवधारणा को स्पष्ट किया तथा ग्राम की प्रतिभाओं को चिन्हित कर ग्रामोत्सव के माध्यम से सम्मानित करने की आवश्यकता बताई।, डॉ. डी. के. तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण पर मार्गदर्शन देते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों का आह्वान किया।, डॉ. स्मृति व्यास ने खेती में नवीन तकनीकों के उपयोग एवं छोटे-छोटे रकबों में प्राकृतिक खेती अपनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।जगदीश जी अमृतीय ने ग्रामोत्सव अंतर्गत समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।, सम्मान एवं प्रमाण-पत्र वितरण, कार्यक्रम में ग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 व्यक्तियों को मंचासीन अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया, जिनमें–, उत्कृष्ट/उन्नत कृषक, धार्मिक गतिविधियों में योगदान देने वाले व्यक्ति, ग्राम के सम्मानित बुजुर्ग, सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी, शामिल रहे।, समरसता भोज, कार्यक्रम के पश्चात समरसता भोज का आयोजन किया गया।, संचालन एवं आभार, कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री दीपक जी नारोलिया द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री दिलीप जी चौधरी द्वारा किया गया

## देवपुरी गोस्वामी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** श्री रुद्र पंचायती दशनामी अखाड़ा न्यास की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक नागचंद्रेश्वर मंदिर विक्रम वाटिका परिसर उज्जैन में आयोजित की गई इसके मुख्य अतिथि रुद्र पंचायती दशनामी अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत रवि गिरी जी कच्छ गुजरात थे इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजसेवी देवपुरी गोस्वामी बड़नगर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्ती प्रमाण पत्र देकर एवं उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाकर दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया बैठक में गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश एवं उज्जैन इंदौर के संत महंतों ने बड़ी संख्या में भाग लिया,, गोस्वामी की नियुक्ति पर महंत जितेंद्र भारती,, किशोर गिरी, भेरू गिरी, कैलाश गिरी, बड़नगर ने बधाई दी । जानकारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।

## वर्षा प्रजापत संभाग स्तरीय महिला क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रथम



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर की छात्रा वर्षा प्रजापत ने संभाग स्तरीय महिला क्रॉस कंट्री दौड़ में दिनांक 19 /01/26 से 20/01/ 26 के बीच जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर जिला शाजापुर मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील उदीवाल एवं क्रीड़ा विभाग प्रभारी मनोहर सिंह निगवाल के साथ-साथ समस्त स्टाफ ने बालिका को बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया उक्त जानकारी नवीन मकवाना ने दी।

## सिंगल क्लिक के जरिए मल्टीपल बिजली कनेक्शनों के बिल भुगतान की सुविधा

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कॉर्पोरेट और शासकीय तथा अशासकीय क्षेत्र के उपभोक्ता मल्टीपल बिजली बिलों का भुगतान सिंगल क्लिक के जरिए कर सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इसके लिये समेकित भुगतान तंत्र प्रणाली विकसित उपभोक्ताओं को एक क्लिक के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई है। यह प्रणाली मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के जिन बिजली उपभोक्ताओं को भुगतान करने में मददगार है, उनमें नगर निगम, मध्यप्रदेश एवं भारत सरकार के उपक्रम, सरकार तथा निजी क्षेत्र के बैंक तथा निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियां, दूरसंचार कंपनियां जिनके विभिन्न क्षेत्रों में टॉवर लगे हुए हैं।

साथ ही ऐसे अन्य उपभोक्ता जिनके मल्टीपल बिजली कनेक्शन हैं, उन्हें यह समेकित भुगतान प्रणाली फायदा पहुंचाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार समेकित भुगतान प्रणाली से मल्टीपल कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को भुगतान करने में सहायता मिलेगी। ऐसे मल्टीपल कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं की संख्या कंपनी कार्यक्षेत्र में ढाई हजार से अधिक है।

## शिवम सोनी को वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश, के देपालपुर इकाई का युवा नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष दिनेश गर्ग द्वारा तहसील अध्यक्ष राज जैन एवं युवा अध्यक्ष पीयूष विजयवर्गी की अनुशंसा पर देपालपुर नागर के युवा अध्यक्ष के रूप में शिवम सोनी को नियुक्त किया गया, इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष शिवम सोनी का देपालपुर में स्वागत किया गया इस दौरान जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल तहसील प्रभारी हेमंत (बंटी) जैन, नगर अध्यक्ष प्रवीण मोदी एवं तहसील इकाई के सौरभ जैन, मनोज सरकार,हेमंत नगर,अनिल जैन, नमन जैन,आदर्श महाजन आदि युवा एवं मुख्य इकाई के सदस्य मौजूद हुए। नव नियुक्त अध्यक्ष शिवम सोनी ने बताया कि नगर के संगठन का विस्तार अति शीघ्र किया जाएगा शादी रिक्त पदों को तत्काल प्रभाव से भरकर कोरम पूरा किया जाएगा, साथ ही समाज के हर छोटे-बड़े और युवा बांधों कासमाज हित में पूरा-पूरा ध्यान रखने का प्रयास किया जाएगा।

## जब्तशुदा एवं राजसात वाहनों की हुई नीलामी



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीहोर जिले में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा, कलेक्टर न्यायालय द्वारा राजसात तथा पूर्व नीलामी से शेष रहें वाहनों के पुनः नीलामी की कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी श्री दीप सिंह राठौर ने बताया कि नीलामी में राजसात वाहनों की नीलामी के लिए 28 टेंडर फार्म विक्रय किए गए और 8400 रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई। राजसात वाहनों की पुनः नीलामी की कार्यवाही में कुल 09 वाहनों के आरक्षित मूल्य 2,42,000 रूपये के विरुद्ध 08 वाहनों के स्वीकृत उच्चतम टेंडर ऑफर के रूप में कुल 4,72,234 रूपये की राशि प्राप्त हुई है। जो कि आरक्षित मूल्य से 95.13 प्रतिशत अधिक है।

## केनरा बैंक के नेतृत्व वाली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक एवं बीमा), बेंगलुरु को राष्ट्रीय राजभाषा पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार




**इंदौर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय द्वारा संयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (TOLIC – बैंक एवं बीमा), बेंगलुरु को राष्ट्रीय स्तर पर TOLIC राजभाषा पुरस्कार के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान केंद्रीय, पश्चिमी एवं दक्षिणी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया, जिसका आयोजन राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 20 जनवरी 2026 को इंदौर में किया गया।

यह पुरस्कार माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंदी संजय कुमार द्वारा श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रभार) को स्मृति-चिह्न (शील्ड) के रूप में प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, श्रीमती श्रीकला श्रीकुमार, सहायक महाप्रबंधक एवं टोलिक की सदस्य-सचिव, को माननीय सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

यह सम्मान बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र में राजभाषा के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित एवं सुदृढ़ करने की दिशा में समिति के सराहनीय प्रदर्शन तथा सतत प्रयासों को रेखांकित करता है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड कुंडेश्वर धाम के ग्राम छीरपानी, करदरा, जुझारी, बड़खेरा, जमगांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया और विकासखंड समन्वयक विवेक मिश्रा ने गृह संपर्क एवं ग्राम चौपाल के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गायन का प्रदर्शन, समरसता भोज, शैला, रीना नृत्य आदि कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, बीएसडब्ल्यू छात्र, सीएमसी एलडीपी परामर्शदाताओं, प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था के कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों, सरपंच, सचिव, जीआरएस, ग्राम के युवा, स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने सहभागिता की।

## मेले में संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला में आज से संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग की कुश्ती में पहलवानों ने अपने दांव-पेच दिखाए। कुश्ती प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष, मध्यप्रदेश खाद वीज विकास निगम श्री महेन्द्र सिंह यादव एवं अध्यक्षता डॉ. सत्येन्द्र रायखेडा अध्यक्ष उडान संस्था ने की।

मेले में आयोजित हुई कुश्ती प्रतियोगिता में श्री जण्डेल सिंह गुर्जर, श्री राम कटारे, श्री शाकिर नूर, विश्वामित्र अवार्डी, डॉ कुंवर राज कटारे व श्री करम वीर उपस्थित रहे। निर्णायक समिति में श्रीमती फातिमा बाने, श्री अब्दुल उमेर, श्री करमवीर, श्री सुरेन्द्र यादव, श्री मनोज गुर्जर व श्री मनीष यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुंवरराज कटारे द्वारा किया गया। इन वर्गों में पहलवानों ने दिखाया दम कुश्ती (दंगल) प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के पहलवानों ने भाग लिया। इनमें 51 किलोग्राम में राधेश्याम मुरैना, कपि वंशकार शिवपुरी, सौरभ गुर्जर मुरैना, शिवराज यादव, ग्वालियर ने भाग लिया। इसी प्रकार 57 किलोग्राम वर्ग में अजय प्रताप दतिया, शिवराज गुर्जर भिण्ड, दिव्यांश शर्मा ग्वालियर, श्री कृशांत जाटव ग्वालियर, 61 किलोग्राम वर्ग में धर्मेन्द्र गुर्जर ग्वालियर, शैलेष यादव ग्वालियर, श्री रंजीत प्रजापति दतिया, साहब सिंह, ग्वालियर, 65 किलोग्राम की प्रतियोगिता में रानू यादव हरिपाल सिंह, सूरज, पार्थ मिश्रा, शिशुपाल सचिन ग्वालियर, 70 किलोग्राम वर्ग में आर्यमान ग्वालियर, आबाज अलीमुरैना, रमाकांत शर्मा दतिया, लवकुश मावई मुरैना, 74 किलोग्राम वर्ग की कुश्ती में शिवेन्द्र दतिया, भानू प्रताप मुरैना, रोहन यादव ग्वालियर, छोटू गुर्जर मुरैना, 79 किलोग्राम आकाश मुरैना, बल्लवराज भिण्ड, सचिन यादव दतिया, शैतान यादव ग्वालियर 84 किलोग्राम में अमित यादव ग्वालियर आदी।

## श्री राम कथा के सतम दिवस में भारत मिलाप का प्रसंग सुनाया



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेंल ग्राम पासलोद में वासुदेव गो धाम गौशाला पासलोद कलाल खेड़ी में नो, दिवस चल रही भव्य श्री राम कथा का आज सातवां दिन संपन्न हुआ कथावाचक पूज्या साध्वी सुश्री मीरा दीदी के मुखारविंद से चल रही राम कथा में आज, सातवें दिन श्री राम कथा के प्रसंग में भरत मिलन का प्रसंग सुनाया जिसमें भारत जी ने श्री राम जी के वनवास जाने पर कहा गया आप वन ना जाओ अयोध्या राज्य गद्दी आप का इंतीजार कर रही है भगवान राम ने मर्यादा का हवाला देते हुए वन जाने का निर्णय लिया साथी भरत जी को अयोध्या की सेवा राजा के रूप में करने का आशीर्वाद दिया भारत मिलाप के प्रसंग में श्रद्धालुओं की आंखों से आंसू आने लगे, इस अवसर पर रतन पटेल भाई चंद्रसिंह पटेल द्वारा 11000 का सहयोग दीया गया, आज व्यास पीठ का पूजन प्रेस क्लब द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर दीदी का आशीर्वाद लिया , प्रेस क्लब से दिनेश सोलंकी पप्पू जैन निर्मल सोलंकी अतुल उपाध्याय गोविंद सलित्रा अनिल कपासिया प्रवीण जैन पदम मालवीय भरत आंजना दीपक पाल , मुकेश जायसवाल शुभम सोलंकी सुरेश सोलंकी सरपंच मोहब्बत सिंह चौहान चंद्रसिंह बरखेड़ा कृष्ण उत्सव समिति उन्हेंल, के सदस्य,दिनेश खमोरिया जगदीश सेकवाडीया अनिल पटेल पार्षद संजय वात्तालिया सुनील सलित्रा सरपंच मोहन गाजी हुकम सिंह अशोक पाटीदार जीवन मालवीय पटेल कला मंडल बद्रीलाल पटेल गढा राजेंद्र सिंह अमलावद बिका, जितेंद्र जायसवाल पलसोड़ा पहलाद सिंह मौलाखेड़ी प्रेस क्लब के दीपक पोरवाल दिनेश आंजना संजय आंजना, एवं सभी आसपास से पधारे धर्म प्रेमियों, व गोलोक धाम गौशाला के समस्त समिति के सदस्य उपस्थित संचालन गोपाल टंडन द्वारा किया कथा के मुख्य यजमान राजेश प्रजापत परिवार रहा।

## उत्पीड़न से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये कार्ययोजना बनाएं



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उत्पीड़न से संबंधित जिन प्रकरणों की पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज हुई हैं। ऐसे सभी लंबित प्रकरणों में चालान पेश करने की कार्रवाई जल्द से जल्द की जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये कार्ययोजना बनाएं। इसकी सूची समिति को भेजें, जिससे पीडित लोगों को शासन के प्रावधानों के तहत आर्थिक राहत मंजूर की जा सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दिए। बैठक में विधायक श्री मोहन सिंह राठौर भी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि लंबित प्रकरणों को निराकृत कराने के लिये एसओपी तैयार करें। साथ ही न्यायालयों में पुख्ता साक्ष्य रखकर मजबूती के साथ पैरवी की जाए, जिससे दोषियों को दण्ड मिल सके। उन्होंने एससी व एसटी के लोगों को जल्द राहत दिलाने के लिये भ्रमित करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी बैठक में दिए। कलेक्टर ने पुलिस की अजाक शाखा एवं अनुसूचित जाति व जनजाति विभाग की संयुक्त टीम गठित कर लोगों को भ्रमित करने वाले लोगों को पकड़ने के लिये कहा। विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के परिवारों को जल्द से जल्द सहायता उपलब्ध कराने के लिये उपयोगी सलाह दी। साथ ही कहा कि विभिन्न विभागों में आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती में विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया के पढ़े-लिखे युवकों को भी नौकरी दिलाई जाए। कलेक्टर ने कहा इस दिशा में प्रभावी पहल की जायेगी। इस कड़ी में उन्होंने सहरिया परिवारों के पढ़े-लिखे युवकों की सूची मांगी है। फरियादियों को शासन के प्रावधानों के तहत नगद व विधिक सहायता उपलब्ध कराने की हिदायत भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दी।

## कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में मुख्य बिंदुओं की समीक्षा



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कलेक्टर्स से कहा है कि वे जिलों में सरकार के प्रतिनिधि है और शासन की प्रत्येक योजना और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सभी विभागों के अमले के साथ लीडर की भूमिका निभाकर सर्वश्रेष्ठ परिणाम दें। उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए जिला पंचायत और नगरीय क्षेत्र के विकास योजनाओं के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ उत्कृष्ट समन्वय बनाकर कार्य करने की जरूरत बताई। मुख्य सचिव ने कहा कि टीम के रूप में काम करने में ही परिणाम आयेंगे और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सेक्टर बनाकर माह में कम से कम दो बैठक कर लंबित योजनाओं और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिचिशत करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने बुधवार को मंत्रालय में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के पालन प्रतिवेदन पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की। कलेक्टर कमिर्श्नर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के दृष्टिगत संबंधित विभागों को आगामी एक वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए है।

मुख्य सचिव श्री जैन ने सुशासन को मध्यप्रदेश शासन का मूल्य मंत्र बताया उन्होंने कहा कि नामांतरण, बटवारा और सीमांकन जैसे प्रकरणों में सौ-सौ दिन की पेंडेंसी असंतोषजनक है। उन्होंने सम्पूर्ण राजस्व प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बावजूद इस तरह की कार्यप्रणाली को समन्वय के साथ दुरूस्त करने को कहा है। नामांतरण में मुरैना-भिंड, बटवारा के प्रकरणों में अनूपपूर और रीवा, भूमि के सीमांकन प्रकरणों में विदिशा और सतना, खसरा अपडेट में रीवा और इंदौर तथा अवैध कब्जा हटाने के मामले में भिंड और विदिशा जिलों की स्थिति अपेक्षाकृत असंतोषजनक पायी गयी है। राजस्व संग्रहण में कम वसूली को भी मुख्य सचिव ने गम्भीरता से लिया और निर्देश दिए कि टेक्नोलॉजी का लाभ लेकर राजस्व संग्रहण बढाये। उन्होंने राजस्व प्रकरणो में बटांकन के बाद रिकार्ड दुरूस्त होने के पश्चात ही प्रकरण को निराकृत मानने को कहा है। बैठक में समग्र पोर्टल में केवाईसी को इस वर्ष के अन्त तक शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये है।

मुख्य सचिव श्री जैन ने एमपीई सेवा पोर्टल को प्रदेश के नागरिकों के लिए सेवाओं और सुविधा की दृष्टि से रिफार्म बताते हुए कलेक्टर्स और अन्य विभागों से कहा कि मार्च अंत तक सभी 1700 सेवाएं जुड़ जाए जिससे नागरिक इस पोर्टल के माध्यम से सेवाएं प्राप्त कर सकें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक मे बताया गया कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त 1 करोड़ 9 लाख आवेदनों में से 1 करोड़ का निराकरण किया गया है इस मामले में निवाड़ी और बड़वानी टॉप पर जबकि मऊगंज और शिवपुरी निचले पायदान पर हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कलेक्टर संवेदनशीलता बरतें और समयअवधि बैठक में हर सप्ताह समीक्षा करें। उन्होंने निवास और आय प्रमाण पत्र, सीमांकन, अविवादित नामांतरण और जन्म के एक वर्ष पश्चात पंजीयन जैसी सेवाएं समय अवधि में निराकृत करने के निर्देश दिये। वर्तमान में 735 सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित हैं जिनमें से 602 ऑनलाइन है शेष 133 सेवाओं को भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की कई शिकायतों को अटेंड नहीं किये जाने पर बैतूल, मऊगंज, शहडोल और भोपाल जिलों को सुधार करने की हिदायत दी।

## आजीविका ग्रीन मेला भोपाल हाट में 24 से 26 जनवरी तक

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के भोपाल हाट में 24 से 26 जनवरी तक तीन दिवसीय आजीविका ग्रीन मेले का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया जा रहा है। मेले में मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों के रसायन रहित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। मुख्य रूप से समूहों की नर्सरी में तैयार किये गये पौधे, फल, सब्जी,रसायन रहित अनाज, बीज, खाद, कीटनाशक एवं बागवानी का सामान मेले में उपलब्ध रहेगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, मंदसौर, विदिशा, ग्वालियर, राजगढ, सागर, श्योपुर, आगर-मालवा बैतूल, जबलपुर, नरसिंहपुर एवं गुना जिलों से समूहों की दीदीयां सामग्री लेकर आ रही हैं, सामग्री बेचने के लिये भोपाल हाट में लगभग 40 स्टॉल लगाये जायेंगे।

मेले में शोभादार पौधों में गुलाब, सेवंती, डहेलिया, आस्था के पौधों में तुलसी, शमी, बेल, सब्जी के पौधों में टमाटर, मिर्च, गोभी, पत्ता गोभी, ग्राफ्टेड सब्जी में बैगन के पौधे उपलब्ध रहेंगे। उन्नत फलदार वृक्षों में ग्राफ्टेड आम, अमरूद (थाई पिंक थाई) नीबू (सीड लेस), संतरा, चीकू, अनार आदि विशेष रूप से उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा जैविक खाद, केंचुआ खाद, नाडेप खाद, धनजीवामृत, द्रव्यजीवामृत और जैविक कीटनाशक में नीमास्त्र, बह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र, पांचपर्णी, दशपर्णी काढा उपलब्ध रहेगा।

# शिक्षा और संस्कार से ही होगा ग्रामोदय से अभ्युदय

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षा और संस्कार से ही मनुष्य का सर्वांगीण अभ्युदय संभव है तथा वही अपने परिवेश और ग्राम के विकास का आधार बनता है। शासन की योजनाओं से जुड़कर यदि ग्रामवासी सक्रिय भागीदारी करें, तो ग्रामोदय से अभ्युदय का लक्ष्य साकार हो सकता है। ऐसे कार्यक्रमों से सामूहिकता, स्वैच्छिकता एवं स्वावलंबन की भावना विकसित होती है।

उक्त विचार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री प्रेम सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का परिचय एवं ग्रामोदय विषय पर विस्तार से जानकारी सेक्टर प्रभारी श्री राजेश वैरागी द्वारा दी गई। ब्लॉक समन्वयक श्री तोलिया डामोर ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संपूर्ण प्रदेश में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



ग्राम सरपंच श्रीमती लीला निनामा ने ग्रामवासियों से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेने तथा ग्रामसभा में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण विषय पर शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री राजेश परमार, नवांकुर संस्था से श्री अनिल खपेड़, मेंटर श्री अजय कुमार, श्री प्रकाश मेड़ा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में ग्राम गेलर बड़ी एवं ग्राम पंचायत मसूरिया के पंचायत भवन में भी ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सरपंच प्रतिनिधि श्री राकेश भाबोर, सचिव श्री कैलाश भाबोर, पटवारी श्रीमती लक्ष्मी गणावा, महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती मंजू गुंडिया एवं श्रीमती सुनीता सिंगाड़ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक श्री प्रेम सिंह चौहान ने कहा कि ऐसे अभियानों के माध्यम से ग्रामवासियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त होता है तथा ग्राम विकास के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

ब्लॉक समन्वयक श्री तोलिया डामोर ने बताया कि ग्रामोत्सव के अंतर्गत ग्राम चौपाल, ग्राम रैली, सामूहिक श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्त समाज जैसे विषयों पर सामूहिक रूप से कार्य किया जाना है। ग्राम सचिव श्री कैलाश भाबोर ने पंचायत की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सीएम इंटर्न श्री गम्मू सिंह भाभोर ने पेसा एक्ट की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मेंटर्स श्री अंतिम कलवार, छात्रा सुनीता गुडिया एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती लीला निनामा, सचिव श्री शर्मा खपेड़, रोजगार सहायक श्री गोपाल डामोर, ब्लॉक समन्वयक श्री तोलिया डामोर, सेक्टर प्रभारी श्री राजेश वैरागी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर - कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस में राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं एवं पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जिलेवार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिले की कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, सुशासन से संबंधित गतिविधियाँ, राजस्व विभाग के कार्य, कृषि एवं उससे संबद्ध विभागों की योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा नगरीय विकास से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा विभिन्न विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में गति लाने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत 12 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक सेक्टर एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न रचनात्मक, सामाजिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में वाल्मीकि आश्रम मे संयोगिता सामाजिक विकास समिति द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत खेल मैदान में कबड्डी, खो-खो, गधामार जैसे पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में बच्चों एवं किशोरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल मैदान में बच्चों का उत्साह, अनुशासन और खेल भावना देखते ही बन रही थी। ग्रामीण परिवेश के पारंपरिक खेलों के आयोजन से बच्चों में शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ आपसी समन्वय एवं टीम भावना का विकास हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक सुश्री ज्योति वर्मा, मेंटर अविनाश वानखेड़े, मनीष गुप्ता, पार्षद शंकर कुशवाह, पार्षद लालू वास्कले, समिति सचिव राजेंद्र देवड़े तथा विशेष अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता राजेश राठौड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल प्रतियोगिताओं को सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। प्रतियोगिता समापन के पश्चात विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं एकाग्रता सिखाते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र और विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में बच्चों और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना, पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना एवं सामाजिक सहभागिता को मजबूत करना रहा।

# कलेक्टर एवं एसपी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में कानून-व्यवस्था, शांति एवं संवेदनशील विषयों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में प्रशासन, पुलिस एवं वन विभाग की अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन मंडलाधिकारी श्री भारत सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे।




बैठक में तहसील मेघनगर क्षेत्र में घटित गोवंश वध की घटना को दृष्टिगत रखते हुए जिले में गोवंश वध से संबंधित मामलों में सतत निगरानी एवं पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। गोवंश प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के अंतर्गत गठित संयुक्त दल को नियमित निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो।

साथ ही, किसी भी प्रकार की भ्रामक या अफवाहजनित जानकारी के प्रसार की स्थिति में तत्काल खंडन जारी करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही वन विभाग को निर्देशित किया गया कि वन क्षेत्रों में अवैध एवं गैरकानूनी गतिविधियों पर वन अधिनियम के अंतर्गत कड़ी निगरानी रखी जाए तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके अतिरिक्त, पड़ोसी जिला धार में भोजशाला से संबंधित कानून-व्यवस्था के मद्देनजर प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिले में शांति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। धार जिले से लगने वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार नाकाबंदी कर सघन चेकिंग करने, जिले में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। जमीनी स्तर तक विभागीय टीमें सक्रिय रहकर निरंतर निगरानी सुनिश्चित करें, इस पर भी बल दिया गया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले, एसडीओपी श्रीमती रूपरेखा यादव सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आनंद उत्सव कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत चारोलीपाड़ा में खेलकूद कार्यक्रम आयोजित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश आनंद संस्थान भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में 14 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक आनंद उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 21 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत झाबुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत चारोलीपाड़ा में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय गोलाछोटी, बामनसेमलिया एवं चारोलीपाड़ा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा चेयर रेस, कबड्डी, रस्साकसी, खो-खो सहित विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आनंद, सहयोग एवं खेल भावना को विकसित करना रहा, जिसे प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर आनंद विभाग जिला अधिकारी एवं उपसंचालक श्री पंकज सांवले, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री प्रियंक पाटीदार, ग्राम पंचायत चारोलीपाड़ा के सरपंच, सचिव, जीआरएस, मोबिलाइजर तथा संबंधित माध्यमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## राशन दुकान के विक्रेता एवं उनके पति के विरूद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सेंधवा के पत्र अनुसार 19.01.2026 के अनुसार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सेंधवा द्वारा माँ भगवती स्व सहायता समूह, सोनखेडी द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान सोनखेडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालन में गंभीर एवं दोहराई गई अनियमितताएँ पाई गई। जांच के समय दुकान बंद पाई गई। उपभोक्ताओं से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि विगत 3 से 4 महीनों से पीओएस मशीन में उपभोक्ताओं का बायोमेट्रिक सत्यापन तो किया जा रहा था, किंतु खाद्यान्न सामग्री का वास्तविक वितरण नहीं किया जा रहा था।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में मिशन नींव (राकेट लर्निंग) अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में मिशन नींव (राकेट लर्निंग) अभियान अंतर्गत समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष, झाबुआ में किया गया।

कार्यशाला के दौरान शाला-पूर्व शिक्षा को खेल एवं गतिविधि आधारित तरीकों से सरल बनाकर बच्चों के बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करने विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवधारणा को प्रभावी रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुँचाने हेतु सेक्टरवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। इन ग्रुपों के माध्यम से मिशन नींव की टीम द्वारा प्रतिदिन शैक्षणिक गतिविधियाँ साझा की जाएंगी, जिन्हें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों पर उपस्थित बच्चों को सिखाएंगी।



यह गतिविधियाँ प्रत्येक सप्ताह 5 दिवस संचालित की जाएंगी। साथ ही माह के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक परीक्षण आयोजित कर मिशन नींव की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मिशन नींव के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सतत मॉनिटरिंग हेतु प्रत्येक परियोजना से एक सेक्टर पर्यवेक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी परियोजना अधिकारियों द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा।

कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि शाला-पूर्व शिक्षा बच्चों की सीखने की नींव होती है। यदि इस स्तर पर बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिले, तो उनका बौद्धिक, सामाजिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है। मिशन नींव के माध्यम से हम आंगनवाड़ी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कार्य कर रहे हैं। सभी अधिकारी एवं कार्यकर्ता इस अभियान को गंभीरता से क्रियान्वित करें।

कार्यशाला में सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आर.एस. बघेल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में लगाए जा रहे हैं शिविर

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत नागरिकों की सुविधा के लिए जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में समग्र ट्र-चङ्क्ष्ट, आयुष्मान कार्ड एवं संबल कार्ड से संबंधित कार्यों हेतु विशेष शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में विभिन्न स्थानों पर यह शिविर 21 जनवरी से प्रारंभ किए गए हैं। शिविरों के लिए जारी योजना अनुसार प्रति 10 पंचायत एवं चयनित वार्ड में प्रति दिवस शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा शिविरों में किए गए कार्य की निगरानी एवं समीक्षा सुचारु रूप से की जाएगी। शिविरों के लिए एडीईओ, पीसीओ, उप अभियंताओं को कैंप प्रभारी और सचिव, जीआरएस एवं वार्ड प्रभारियों को सहायक प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही हितग्राहियों को कैंप स्थल पर लाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ताओं को सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

22 जनवरी को इन ग्रामों में लगेंगे शिविर- शिविरों के लिए जारी कार्ययोजना अनुसार 22 जनवरी को आष्टा जनपद के ग्राम आमला मज्जू, आवलीखेड़ा, उदयपुर उमरदड़, कचनारिया, कजलास, कन्नोद मिर्जी, करमन खेड़ी, कल्याणपुरा और कांकरियाखेड़ी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार इछावर जनपद के ग्राम कल्याणपुराधाकड, कांकरखेडा, कालापीपल, कुंडीखाल, कूडी, खजुरियाघेघी, खेरी, गउखेडी, गाजीखेडी, गादिया में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार भैरूंदा जनपद के ग्राम कुरीनयापुरा, कोठरी पिपाल्या, कोसमी, खजूरी, खडगांव, खनपुरा, खरसानिया, खात्याखेडी, गिल्लोर, गुलरपुरा में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार बुधनी जनपद के ग्राम खेरीसिल्गेना, खेरी, खोहा, गादर, गोंडीगुराडिया, ग्वाडिया, चीकली, जवाहरखेडा, जहाजपुरा, जहानपुर में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार सीहोर जनपद के ग्राम कचनारिया, कतपोन, कपूरी, करंजखेडा, कराडियाभील, कादमपुर, कादराबाद, कुलासकला, कुलासखुर्द, कोडियाछीतू में भी शिविर आयोजित होंगे।

22 जनवरी को इन वार्डो में लगेंगे शिविर- शिविरों के लिए जारी कार्ययोजना अनुसार 22 जनवरी को आष्टा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 07 से 12 तक के वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। इसी प्रकार सीहोर के वार्ड क्रमांक 07 से 12 तक, भैरूंदा के वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक, इछावर के वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक, जावर के वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक, कोठरी के वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक, रेहटी के वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक और शाहगंज के वार्ड क्रमांक 06 से 10 तक वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्रं-05**
**(नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना)**
**क्रमांक : सम्पत्तिकर/झोन-05/2026 उज्जैन, दिनांक 21/01/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1 राधा पति राजेन्द्र कुमार शर्मा 2 राजेन्द्र कुमार पिता आरतीनन्दन शर्मा द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 19/01/2026 को प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सम्पत्ति (भवन/भूमि) भू क्रं. 197 आर के निवास उण्डासा का नामांकन आवेदक के द्वारा स्वयं के नाम से किये जाने के लिए आवेदन पत्र के संलग्न सम्पत्ति स्वामी 01 रामप्यारी बाई पति अशोक कुमार पाटीदार 2 मेसर्स सरदार पटेल बिल्डकॉन एल एल पी द्वारा मेसर्स आर के डेवलपर्स उज्जैन तर्फे भागीदार राकेश पिता कन्हैयालाल जी अग्रवाल निवासी 403 प्रीमियम ब्लाक 5 शालीमार टाउनशिप एबी रोड इंदौर आवेदक के पक्ष में सम्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति (स्व प्रमाणित) प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन आवेदक के नाम से किये जाने का निवेदन किया है। इसका प्रकरण क्रमांक - 183/2026-7 पीटी है।

अतः इस नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) के नामांकन करने में किसी भी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में नया प्रमाण (अभिलेख) के कार्यालय, राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्र. 05 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा, निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त प्रस्तुत होने वाली आपत्ति मान्य नहीं होकर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अनुसार आवेदक 1 राधा पति राजेन्द्र कुमार शर्मा 2 राजेन्द्र कुमार पिता आरतीनन्दन शर्मा के पक्ष में कर दिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक - 05, मक्सी रोड**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्रं-05**
**(नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना)**
**क्रमांक : सम्पत्तिकर/झोन-05/2026 उज्जैन, दिनांक 21/01/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीतू पति राहुल सिंह ठाकुर द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 19/01/2026 को प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सम्पत्ति (भवन/भूमि) भू क्रं. ई. 05 ई डब्ल्यू एस तिरूपति कासा ग्रीन फेस 2 कालोनी पंवासा उज्जैन का नामांकन आवेदक के द्वारा स्वयं के नाम से किये जाने के लिए आवेदन पत्र के संलग्न सम्पत्ति स्वामी शकुन बाई उर्फ शकुन्तला सिंह ठाकुर आवेदक के पक्ष में सम्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति (स्व प्रमाणित) प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन आवेदक के नाम से किये जाने का निवेदन किया है। इसका प्रकरण क्रमांक - 180/2026-7 पीटी है।

अतः इस नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) के नामांकन करने में किसी भी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में नया प्रमाण (अभिलेख) के कार्यालय, राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्र. 05 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा, निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त प्रस्तुत होने वाली आपत्ति मान्य नहीं होकर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अनुसार आवेदक नीतू पति राहुल सिंह ठाकुर के पक्ष में कर दिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक - 05, मक्सी रोड**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्रं-05**
**(नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना)**
**क्रमांक : सम्पत्तिकर/झोन-05/2026 उज्जैन, दिनांक 21/01/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंजू पति विष्णु चौहान द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 19/01/2026 को प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सम्पत्ति (भवन/भूमि) भू क्रं. 30 सरदार पटेल पार्क लोटस प्लेटिनम कालोनी के पास उज्जैन का नामांकन आवेदक के द्वारा स्वयं के नाम से किये जाने के लिए आवेदन पत्र के संलग्न सम्पत्ति स्वामी 01 रामप्यारी बाई पति अशोक कुमार पाटीदार 2 मेसर्स सरदार पटेल बिल्डकॉन एल एल पी द्वारा 1 राजेश पिता स्व गौरीशंकर 2 ब्रज पिता कमल गोठी द्वारा ओमप्रकाश पिता स्व गौरीशंकर राठौर निवासी नानाखेड़ा आवेदक के पक्ष में सम्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति (स्व प्रमाणित) प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन आवेदक के नाम से किये जाने का निवेदन किया है। इसका प्रकरण क्रमांक - 182/2026-7 पीटी है।

अतः इस नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) के नामांकन करने में किसी भी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में नया प्रमाण (अभिलेख) के कार्यालय, राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्र. 05 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा, निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त प्रस्तुत होने वाली आपत्ति मान्य नहीं होकर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अनुसार आवेदक मंजू पति विष्णु चौहान के पक्ष में कर दिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक - 05, मक्सी रोड**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्रं-05**
**(नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना)**
**क्रमांक : सम्पत्तिकर/झोन-05/2026 उज्जैन, दिनांक 21/01/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकउमा पति निर्मल ललावत द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 19/01/2026 को प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सम्पत्ति (भवन/भूमि) भू क्रं. ई. 02 ई डब्ल्यू एस तिरूपति कासा ग्रीन फेस 2 कालोनी पंवासा उज्जैन का नामांकन आवेदक के द्वारा स्वयं के नाम से किये जाने के लिए आवेदन पत्र के संलग्न सम्पत्ति स्वामी प्रीति पति मानसून गोस्वामी आवेदक के पक्ष में सम्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति (स्व प्रमाणित) प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन आवेदक के नाम से किये जाने का निवेदन किया है। इसका प्रकरण क्रमांक - 181/2026-7 पीटी है।

अतः इस नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) के नामांकन करने में किसी भी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में नया प्रमाण (अभिलेख) के कार्यालय, राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्र. 05 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा, निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त प्रस्तुत होने वाली आपत्ति मान्य नहीं होकर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अनुसार आवेदक उमा पति निर्मल ललावत के पक्ष में कर दिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक - 05, मक्सी रोड**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्रं-05**
**(नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना)**
**क्रमांक : सम्पत्तिकर/झोन-05/2026 उज्जैन, दिनांक 21/01/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति पति अरविन्द द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 19/01/2026 को प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सम्पत्ति (भवन/भूमि) भू क्रं. 196 आर के निवास उण्डासा उज्जैन का नामांकन आवेदक के द्वारा स्वयं के नाम से किये जाने के लिए आवेदन पत्र के संलग्न सम्पत्ति स्वामी पवित्राबाई पति सोनू गहलोत आवेदक के पक्ष में सम्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति (स्व प्रमाणित) प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन आवेदक के नाम से किये जाने का निवेदन किया है। इसका प्रकरण क्रमांक - 179/2026-7 पीटी है।

अतः इस नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) के नामांकन करने में किसी भी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में नया प्रमाण (अभिलेख) के कार्यालय, राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्र. 05 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा, निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त प्रस्तुत होने वाली आपत्ति मान्य नहीं होकर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अनुसार आवेदक ज्योति पति अरविन्द के पक्ष में कर दिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक - 05, मक्सी रोड**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन**
**राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्रं-05**
**(नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना)**
**क्रमांक : सम्पत्तिकर/झोन-05/2026 उज्जैन, दिनांक 21/01/26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1 श्रावनी माईती पति सौरव माईती 2 सौरव पिता रघुनाथ माईती द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 19/01/2026 को प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सम्पत्ति (भवन/भूमि) भू क्रं. 18/5 दक्षिणी भाग केसरबाग परिसर पंवासा उज्जैन का नामांकन आवेदक के द्वारा स्वयं के नाम से किये जाने के लिए आवेदन पत्र के संलग्न सम्पत्ति स्वामी एशवर्या पति स्व वाशु बारोड आवेदक के पक्ष में सम्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति (स्व प्रमाणित) प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन आवेदक के नाम से किये जाने का निवेदन किया है। इसका प्रकरण क्रमांक - 178/2026-7 पीटी है।

अतः इस नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) के नामांकन करने में किसी भी वैध वारिस/उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था/बैंक/न्यायालयीन प्रकरण आदि से संबंधित की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में नया प्रमाण (अभिलेख) के कार्यालय, राजस्व विभाग (सम्पत्तिकर), झोन क्र. 05 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकेगा, निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त प्रस्तुत होने वाली आपत्ति मान्य नहीं होकर उक्त सम्पत्ति (भवन/भूमि) का नामांकन मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अनुसार आवेदक 1 श्रावनी माईती पति सौरव माईती 2 सौरव पिता रघुनाथ माईती के पक्ष में कर दिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक - 05, मक्सी रोड**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# अवैध स्मैक की तस्करी पर एसटीएफ का बड़ा एक्शन

**अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन तस्कर दबोचे, 41 लाख की स्मैक बरामद**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संगठित अपराध और नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ उज्जैन ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ टीम ने अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन तस्करों को रंगेहाथ पकड़ा है। कार में बैठकर स्मैक की सौदेबाजी कर रहे इन आरोपियों से 410 ग्राम स्मैक बरामद की गई जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 41 लाख रुपये आंकी जा रही है। साथ ही 2 लाख रुपये नकद, 2 आईफोन, 2 एंड्रॉयड मोबाइल, 1 की-पेड फोन व 18 लाख की क्रेटा कार भी जब्त की गई है।

पत्रकार वार्ता में अधिकारियों ने बताया कि एसटीएफ उज्जैन को मुखबिर से सूचना मिली कि रतलाम के आलोट का रहने वाला जयदीप सिंह परिहार अपनी सफेद क्रेटा कार में स्मैक लेकर उज्जैन-आगर रोड पर आने वाला है, जहाँ वह जबलपुर के दो व्यक्तियों को माल सप्लाई करेगा। सूचना पुख्ता होने पर एसटीएफ प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक योगेंद्र सिंह यादव की टीम ने तुरंत योजना बनाई। टीम ने लवखेड़ी हनुमान मंदिर से आगे नायरा पेट्रोल पंप के पास रात में घेराबंदी की। देर रात संदिग्ध क्रेटा कार आने पर उसे रोका गया। कार में बैठे तीनों लोगों की तलाशी में भारी मात्रा में स्मैक, मोबाइल फोन और नकदी मिली। तीनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी- अभिषेक पिता चंद्रमोहन सोनकर (32 वर्ष), निवासी - 545 खटिक मोहल्ला, घमापुर चौक, जबलपुर।

जयदीप सिंह पिता दिलीप सिंह परिहार (47 वर्ष) निवासी - ग्राम भोजाखेड़ी, तह. आलोट, जिला रतलाम।

अजय पिता बाबूलाल प्रजापती (21 वर्ष), निवासी - बाबा टोला, मदार टेकरी, शारदा मंदिर के पास, जबलपुर।

### क्या- क्या जब्त हुआ

410 ग्राम स्मैक - कीमत लगभग 41 लाख रुपये

क्रेटा कार MP13 ZT 2343 - कीमत करीब 18 लाख रुपये

2 लाख रुपये नकद

2 आईफोन, 2 वीवो एंड्रॉयड मोबाइल, 1 की-पेड मोबाइल

जब्त माल की कुल अनुमानित कीमत - 61 लाख रुपये से अधिक

पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी निकला - अभिषेक सोनकर~ इस पर पहले से कई मामले दर्ज हैं–महाराष्ट्र, मंडला, जबलपुर और बेंगलुरु में एनडीपीएस, आबकारी, धोखाधड़ी एवं अन्य अपराधों में प्राथमिक दर्ज, कुल 6 प्रकरण दर्ज।

जयदीप सिंह परिहार~ जबलपुर के गोहलपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज।

इन धाराओं में हुआ प्रकरण दर्ज- थाना एसटीएफ भोपाल इकाई उज्जैन में अपराध क्रमांक 2/26 दर्ज, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, धारा 111 (2) बीएनएस। आरोपियों से पूछताछ जारी है। नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों तक पहुँचने के लिए एसटीएफ इंदौर की सहायता ली गई है।

कार्रवाई में इनका विशेष योगदान -उप पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र सिंह यादव, कार्यवाहक निरीक्षक राय सिंह गुन्डिया, उनि. देवेन्द्र सिंह कुशवाह, प्रआर बजरंग कुमार, सुनील कुमार झा, राजपाल सिंह राठौर, आरक्षक महेंद्र सिंह परमार, पूनमचंद यादव, साथ ही इमदाद में उप पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चौहान, निरीक्षक रमेश चौहान, उनि. संध्या मैश्राम, सउनि. अनूप तिवारी सहित अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### एक नज़र में पूरी कार्रवाई

अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 तस्कर गिरफ्तार

410 ग्राम स्मैक बरामद, कीमत 41 लाख

2 लाख नकद, 5 मोबाइल, क्रेटा कार जब्त

एनडीपीएस की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

तस्कर अभिषेक सोनकर का लंबा क्राइम रिकॉर्ड

महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में कई मामले

धोखाधड़ी, आबकारी, एनडीपीएस सहित 6 प्रकरण दर्ज।

## 5 वर्षों में 3 लाख वाहनों के बने ई-चालान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी कैमरों से रोजाना सैकड़ों ई-चालान तो बनाए जा रहे हैं लेकिन ई चालान की वसूली इस मान से नहीं की जा रहा है। नतीजतन, उज्जैन में पिछले पाँच सालों में 15 करोड़ रुपए से अधिक के ई-चालान बनाए जा चुके हैं, लेकिन वसूली 5 करोड़ की भी नहीं हो पाई हैं। उल्लेखनीय है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए प्रमुख चौराहों पर आइटीएमएस सिग्नल (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मेनेजमेंट सिस्टम) लगाए गए हैं। इसके चलते अक्टूबर 2020 से आज तक यातायात नियम तोड़ने वाले 3 लाख से ज्यादा वाहन चालकों के आइटीएमएस से चालान बनाए गए हैं। हैरानी की बात है कि इनमें से सिर्फ 80 हजार ने ही अब तक जुर्माना की राशि जमा की है। यातायात नियमों का पहले उल्लंघन करना फिर जुर्माना न जमा करना घोर लापरवाही और कानून का डर न होना दर्शाता है। दरअसल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने के लिए हाईटेक आइटीएमएस सिग्नल इंस्टाल किए गये थे। दावा था कि पूरे शहर में इन हाईटेक सिस्टम से ही ट्रैफिक कंट्रोल होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के ई-चालान बनेगा और ऑटो मोड पर सिस्टम काम करेगा। जहाँ अधिक भीड़ है वाहनों का अधिक दबाब है वहाँ सिग्नल खुद ग्रीन होगा ताकि यातायात आसानी से चलता रहे और शहर में सड़कों पर जाम न हो, लेकिन इस सिस्टम से जाम से निजात नहीं मिला। और न ही शहरवासियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन किया। 5 साल में 3 लाख से अधिक लोगों ने यातायात नियमों का उल्लंघन किया और सिर्फ 80 हजार लोगों ने जुर्माना की राशि जमा की है। ई-चालान के तहत अब तक 15 करोड़ के ई-चालान बने हैं लेकिन वसूली 5 करोड़ रुपए की भी नहीं हो पाई हैं।

## गणतंत्र दिवस पर भैरवगढ़ जेल से 4 कैदी होंगे रिहा, आजीवन कारावास की मिली थी सजा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 26 जनवरी पर इस बार भैरवगढ़ जेल से 4 कैदियों को रिहा किया जाएगा। ये कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे है। इसमें महिला कैदी एक भी नहीं हैं। जिला जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि मध्य प्रदेश में अलग-अलग जिलों से जेल विभाग हर साल गणतंत्र दिवस पर रिहाई नीति के तहत कैदियों को सजा में छूट का लाभ दिया जाता है। इस बार भी 26 जनवरी पर उज्जैन भैरवगढ़ जेल से 4 कैदियों को रिहा किया जाएगा है। सभी पुरुष कैदी हैं। इसके लिए शासन से मंजूरी मिल गई हैं। जिन कैदियों को रिहा किया जाएगा, वह सभी अजीवन सजा के बंदी है, लेकिन जेल में रहते हुए उनका व्यवहार काफी अच्छा है। उनके इसी व्यवहार को देखते हुए शासन ने उनकी बची सजा को माफ कर दिया है। खास बात यह है कि इन कैदियों ने जिस तरह जेल के अंदर जो काम किया और उससे जो कमाई की, वह भी जेल प्रबंधक उन्हें देगा। 26 जनवरी पर सुबह रिहाई पर बंदियों को प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड एवं भोजन के पैकेट दिए जाएंगे और बेहतर सामाजिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

तीन दिन बाद यह कैदी होंगे रिहा- बंदी बाबूलाल पिता हीरालाल, जाति-पाटीदार, बंदी रमेशचन्द्र पिता अम्बाराम, जाति-ब्राह्मण, बंदी समरथ पिता लालू जाति भील, बंदी मोहनलाल पिता शंकरलाल ।

## 4 साल के मासूम को स्ट्रीट डॉग ने काटा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिता के साथ बाइक पर जा रहे 4 साल के मासूम को स्ट्रीट डॉग ने काट लिया। मासूम के पैर में जख्म होने पर पिता उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने रेबीज वैक्सीन का डोज देकर उपचार किया है। सुदर्शन नगर में रहने वाले राहुल ने बताया कि वह अपने चार साल के पुत्र कृष्ण को लेकर बाइक से सुबह नींबू लेने के लिए जा रहा था इस दौरान कुत्ते ने हमला कर दिया बाइक पर बैठे कृष्ण का पर कुत्ते ने पकड़ लिया था वह मुश्किल बेटे को बचाया। फिर से खून निकलने पर वह अस्पताल लेकर आया है। पिता राहुल ने यह भी बताया कि कृष्णा कक्षा चौथी का छात्र है उसके स्कूल में वार्षिक उत्सव था जहां चम्मच रेस रखी गई थी उसी के लिए नींबू लेने के लिए घर से निकला था। मासूम के पैर में गहरा जख्म होने पर डॉक्टरों ने रेबीज वैक्सीन का डोज लगाया है। शहर में स्थित डॉग का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है जहां लोगों को काट रहे हैं वहीं दुर्घटना का कारण भी बना रहे हैं।

## पत्नी के नहीं लौटने पर पति ने खाया जहरीला पदार्थ



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मायके गई पत्नी वापस नहीं लौटी और ससुराल वालों ने भेजने से इनकार किया तो पति ने बुधवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया है।

मामला ग्राम करोहन नानाखेड़ा क्षेत्र का है यहां रहने वाला रवि पिता अर्जुन परमार 25 वर्ष ग्राम छायन में बेसुध हालत में पड़ा मिला उसे एंबुलेंस उपचार के लिए चरक अस्पताल लेकर पहुंची जहां सामने आया कि उसने जहरीला पदार्थ खाया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई थी इस दौरान युवक से पूछताछ में सामने आया कि उसकी पत्नी अंजलि तीन दिन पहले बच्चों को लेकर मायके देपालपुर चली गई थी। वापस लौट के लिए उसे कॉल किया तो ससुराल वालों ने भेजने से मना कर दिया। ससुराल वालों का कहना था कि पहले मामा को बुलाकर लेकर आओ उसके बाद ही अंजलि को भेजेंगे। इसी बात से आहत होकर रवि ने जहर खाया है। रवि के परिजनों ने बताया कि मजदूरी करता है और उसके बेटे की मान भी उतरना है। लेकिन पत्नी मायके चली गई थी। पुलिस के अनुसार डॉक्टरों ने रवि की हालत खतरे से बाहर बताई है मामले की जांच की जा रही है।

# करोड़ों की लागत से बनेगा त्रिवेणी में 'शनि लोक'

**महाकाल लोक की तर्ज पर भव्य विकास, निर्माण कार्य शीघ्र शुरू—सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा होने की तैयारी**




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल लोक की भव्यता के बाद अब उज्जैन के त्रिवेणी क्षेत्र में स्थित शनि मंदिर परिसर भी नए स्वरूप में नजर आएगा। करीब 110 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 'शनि लोक' को एक आकर्षक धार्मिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसका काम जल्द ही शुरू होगा। शासन की कोशिश है कि आने वाले सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा परिसर पूरी तरह तैयार हो जाए।

त्रिवेणी क्षेत्र में शिप्रा नदी के तट पर स्थित यह प्राचीन शनि मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। यहां हर शनिवार बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं, जबकि शनिश्चरी अमावस्या पर लाखों की भीड़ उमड़ती है। अमावस्या स्नान के लिए प्रसिद्ध त्रिवेणी घाट को भी इस परियोजना के तहत सौंदर्यीकृत किया जाएगा।

भव्य गेट और आकर्षक लाइटिंग से सजेगा परिसर- शासन द्वारा तैयार मॉडल के अनुसार शनि लोक प्रांगण में एक विशाल भव्य प्रवेश द्वार, आधुनिक सुविधाएँ, लैंडस्केप गार्डन और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। पूरे परिसर को ऐसा रूप दिया जाएगा कि रात में इसकी छटा महाकाल लोक की भांति निखरकर सामने आए।

शासन ने तैयार की डीपीआर, टेंडर के बाद कार्य शुरू -8 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणा के बाद शनि लोक की डीपीआर तैयार हो चुकी है। अब टेंडर की प्रक्रिया के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

शासन के अनुसार शनि लोक का विकास महाकाल लोक की तर्ज पर, आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

देश का एकमात्र शिवस्वरूप शनि मंदिर - त्रिवेणी में स्थित प्राचीन शनि मंदिर को लेकर मान्यता है कि इसकी स्थापना सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। यह देश का पहला ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां भगवान शनि शिव स्वरूप में विराजमान हैं।

इसी कारण यह स्थान धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

नवग्रहों को समर्पित भव्य परिसर- करीब 21 हजार 100 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला यह मंदिर नवग्रह मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध है। यहां सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु–सभी नौ ग्रहों के देवता विराजमान हैं।

शनि लोक कॉरिडोर बनने के बाद यह क्षेत्र नवग्रह भक्तों के लिए और अधिक आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### शनि लोक परियोजना के प्रमुख बिंदु

लागत ~ लगभग 110 करोड़ रुपये

स्थान ~ त्रिवेणी, शिप्रा नदी तट, उज्जैन-इंदौर रोड

विशेषताएँ ~ भव्य गेट, आकर्षक लाइटिंग, आधुनिक परिसर

डीपीआर ~ शासन द्वारा तैयार

काम की स्थिति ~ टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण शुरू

लक्ष्य ~ सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा करना

विशेष पहचान ~ देश का एकमात्र शिवस्वरूप शनि मंदिर

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में नष्ट की गई 94.72 लाख की शराब

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आबकारी विभाग द्वारा जिले के पांच वेयरहाउस में रखी देशी शराब अनुपयोगी होने पर मंगलवार को ट्रेंचिंग ग्राउंड में नष्ट करने की कार्रवाई की इस दौरान आबकारी अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे आबकारी विभाग के नोडल अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि तराना, उज्जैन, बड़नगर, महिदपुर और खाचरौद के वेयरहाउस में रखी अनुपयोगी देशी शराब को नष्ट करने की अनुमति आबकारी आयुक्त ग्वालियर से मिलने के बाद कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा नष्टीकरण के लिये समिति गठित की गई थी। जिसमें आबकारी अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। सभी की मौजूदगी में मंगलवार को ट्रेनिंग ग्राउंड पर 94.74 लाख रुपए कीमत की शराब को नष्ट करने की कार्रवाई की गई।अनुपयोगी शराब 21310.74 बल्क लीटर थी। करीब 3 घंटे की कार्रवाई के दौरान बुलडोजर चलाकर शराब को नष्ट किया गया। अनुपयोगी शराब वर्ष 2021-22 की थी जो सेल नहीं हो पाई थी। कार्रवाई पूरी होने के बाद मौके पर ही खाली बोतलों की नीलामी की गई जिससे 7000 का राजस्व प्राप्त हुआ है।

## नवाखेड़ा में ग्राम महोत्सव संपन्न

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन के अंतर्गत ग्राम नवाखेड़ा में ग्रामोत्सव से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम के तहत ग्राम उत्सव का सफल आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सामाजिक सहभागिता, प्रतिभाओं के प्रोत्साहन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर श्री अरुण व्यास, विकासखंड समन्वयक,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण संस्था से सुश्री करुणा सितोले ने ग्रामोत्सव के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास में सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## बाल गृह के बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व कर देश में उज्जैन का नाम कर रहे रौशन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में बाल गृह के बालक राष्ट्रीय पोलो वाल एवं नेशनल ड्रामा प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व कर देश में प्रदेश और जिले का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल गृह में स्कूल शिक्षा विभाग की कक्षा संचालित होने के साथ परिसर में खेलकूद, लाइब्रेरी की सुविधा भी है।

संस्था के बाल हितैषी सुरक्षित और संरक्षित माहौल में इन सुविधाओं का लाभ लेकर बालक अधीक्षक श्री बृजेश वर्मा तथा सहयोगी श्री लोकेंद्र सोलंकी के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने भी आगे आ रहे हैं। प्रतिनिधित्व के इसी क्रम में माह दिसम्बर में 25 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक आरा जिला बिहार में आयोजित राष्ट्रीय सायकल पोलो प्रतियोगिता में संस्था के 02 बालकों ने भाग लेकर सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार बंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय थियेटर फेस्टिवल प्रतियोगिता में संस्था के 04 बालकों ने सम्मिलित होकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

बाल गृह उज्जैन के बालकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए न्यायिक समिति, जिला प्रशासन एवं विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ परिसर में ही संचालित बाल कल्याण समिति द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के माध्यम से संस्था की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करते हुए बच्चों के सर्वोत्तम हित में आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं।

## भैरवगढ़ जेल के हजार बंदी पिछले साल गए बाहरी अस्पताल

**जेल प्रशासन का दावा—हर बंदी को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ, कई कैदियों के हुए बड़े ऑपरेशन**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**भैरवगढ़ केंद्रीय जेल में कैद बंदियों के इलाज को लेकर प्रशासन की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2025 में ही एक हजार से अधिक कैदियों का उपचार जेल परिसर से बाहर सरकारी व निजी अस्पतालों में कराया गया। इनमें कई बंदी ऐसे भी रहे जिनके हड्डी, आंख, कान, नाक और अन्य गंभीर बीमारियों के ऑपरेशन तक करवाए गए। इन सभी खर्चों का भार जेल प्रशासन ने स्वयं उठाया।

जेलर सुरेश गोयल के अनुसार कैदियों के सामाजिक जीवन, स्वास्थ्य सुरक्षा और मानवाधिकारों को ध्यान में रखकर जेल में विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। जेल डिस्पेंसरी में 24 घंटे फार्मासिस्ट और एक डॉक्टर लगातार ड्यूटी पर मौजूद रहते हैं। इसके अलावा सप्ताह के अलग-अलग दिनों में विशेष ओपीडी लगाई जाती है, जिसमें कैदियों की बीमारियों का स्क्रीनिंग कर उन्हें जरूरत के मुताबिक बाहरी अस्पताल भेजा जाता है।

इलाज करवाने कैदी नहीं ले रहे जमानत - जेल सूत्रों के अनुसार कई कैदी ऐसे हैं जो गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं और उपचार जारी है। जेल से जमानत पर बाहर जाने पर उन्हें इलाज पर भारी खर्च करना पड़ेगा, इसलिए कई बंदी जानबूझकर जमानत टाल रहे हैं।

जेल प्रशासन ऐसे मामलों की जानकारी कोर्ट को भेजकर बंदियों को जमानत देने की अपील करता है, लेकिन बंदी अपनी बीमारी का मुफ्त इलाज जारी रखने के लिए जमानत नहीं लेते।

जेल में इलाज की व्यापक व्यवस्था- जेल प्रशासन के अनुसार बंदियों को किसी प्रकार की चिकित्सा समस्या न हो, इसके लिए जेल डिस्पेंसरी में चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है। विभिन्न रोगों की ओपीडी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह ली जाती है और आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक के पास बाहरी अस्पतालों में भेजा जाता है।

जेल प्रबंधन का कहना है कि बंदियों के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाती और गंभीर रोगों से जूझ रहे सभी कैदियों का व्यवस्थित इलाज करवाया जाता है।

### जेल में स्वास्थ्य सुविधाएँ , एक नज़र में

पिछले वर्ष 1000+ कैदियों का बाहरी अस्पतालों में उपचार

हड्डी, आंख, कान, नाक सहित गंभीर बीमारियों के कई ऑपरेशन

जेल डिस्पेंसरी में 24 घंटे फार्मासिस्ट

हमेशा उपलब्ध ड्यूटी डॉक्टर

सप्ताह में विभिन्न बीमारियों की विशेष ओपीडी

बाहरी अस्पताल में इलाज, ले जानाड्ढलाना, दवाइयों समेत सभी खर्च प्रशासन द्वारा उठाया जाता है।

# कालिदास कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन




उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में भारतीय भाषाओं की आवश्यकता एवं उपयोगिता विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद सिंदल के संयोजन में संपन्न वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय पनवेल मुंबई के कुलपति प्रोफेसर केसरी लाल वर्मा एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से डॉ. सत्यप्रकाश पाल और रायपुर से डॉ. राजेश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच. एल. अनिजवाल, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता सम्मिलित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एच. एल. अनिजवाल के आशीर्वचन एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर केसरी लाल वर्मा ने कहा कि कोई भी भाषा तभी समृद्ध होती है, जब उसके संचार और प्रयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जाए।

डॉ. सत्यप्रकाश पाल ने भारतेंदु हरिश्चंद्र और बंकिम चंद्र चटर्जी के योगदान को रेखांकित करते हुए निज भाषा के गौरव को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने भाषा के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा, भावना और विचारों को अभिव्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने भाषा के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाषा केवल संप्रेषण का साधन नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का मूल आधार है। प्रशासन, न्याय, मीडिया, तकनीक और शोध–सभी क्षेत्रों में भाषा की अनिवार्य भूमिका है। भाषा वह दीप है, जो संस्कारों को प्रकाश प्रदान करता है।

डॉ. कविता जैन मंगलम के प्रभावी एवं सधे हुए संचालन में संपन्न इस राष्ट्रीय वेबिनार के अंत में डॉ रूपा भावसार ने आभार की अभिव्यक्ति की । आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, छात्राएँ तथा देशभर से विद्वज्जनों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

## सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के परिसर में वैदिक घड़ी की स्थापना की जाएगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन उज्जैन के परिसर में वैदिक घड़ी की स्थापना की जाएगी। आगामी सत्र से दो शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मूक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों के शुल्क की वापसी की होगी। अनुकंपा के पेंडिंग प्रकरणों में से चार प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई। इंजीनियरिंग की पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हाई कोर्ट के निर्णय का पालन किया जाएगा। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने 20 जनवरी को आयोजित कार्यपरिषद् की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया 2 सत्र में प्रारंभ करने पर सहमति बनी। बैठक में कार्य परिषद सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह, श्री रूप पमनानी, श्री वरुण गुप्ता, डॉ. संजय वर्मा, डॉ मंजूषा मिमरोट एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# खाचरोद से लापता प्रेमी युगल की उज्जैन में मिली लाश

**देवास बदनावर बाईपास मार्ग ब्रिज पर बाइक खड़ी कर लगाई छलांग**



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर रोड तपोभूमि-चंदेसरी के बीच शिप्रा किनारे ब्रिज के नीचे युवक-युवती की लाश बुधवार सुबह कुछ लोगों ने देखी तो पुलिस को सूचना दी। दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक युवक-युवती खाचरोद के ग्राम चापाखेड़ा में रहने वाले प्रेमी युगल होना सामने आए। दोनों की गुमशुदगी खाचरोद में दर्ज थी।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि सुबह देवास बदनावर बायपास मार्ग पर शिप्रा नदी किनारे ब्रिज के नीचे युवक-युवती की लाश पड़ी होने की सूचना कुछ लोगों द्वारा दी गई थी। मौके पर नानाखेड़ा के साथ नागझरी थाना पुलिस पहुंची थी। जांच में घटनास्थल नानाखेड़ा का होना सामने आया। विवेचना शुरू करने पर ब्रिज के ऊपर बाइक खड़ी मिली। जिसका नंबर एमपी 13 झेड पी 3748 था। जिसकी डिक्की में जहरीला पदार्थ रखा था। ब्रिज के नीचे से दोनों के शव बरामद किए गए वहां भी जहरीला पदार्थ मिलना सामने आया। प्रथम दृष्टि में मामला प्रेम प्रसंग का साबित हो रहा था। बाइक नंबर से दोनों की पहचान के प्रयास शुरू किए गए। कुछ देर में ही सामने आया कि दोनों खाचरोद के ग्राम चापाखेड़ा के रहने वाले हैं। युवक का नाम अर्जुन पिता कचरूलाल बोड़ाना 21 साल और युवती 16 वर्षीय किशोरी है। खाचरोद पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि दोनों के परिजनों ने मंगलवार देर शाम उनके लापता होने की शिकायत की थी। नाबालिग किशोरी के मामले में अपहरण और युवक के मामले में गुमशुदगी दर्ज की गई है। दोनों के शव मिलने की सूचना दी गई। दोपहर में खाचरोद एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे, थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया, एसआई सुधीर शर्मा दोनों के परिजनों को लेकर उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि दोनों के घर एक ही गांव में कुछ दूरी पर आमने-सामने है। मंगलवार दोपहर दोनों लापता हुए थे। देर शाम परिजनों ने उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। एसआई कलेश के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए हैं। दोनों की बॉडी खाचरोद ले जा गई है। प्रारंभिक जांच में ब्रिज से कूदने पर सिर और शरीर में चोट लगने से मौत होना सामने आया है।